NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D.I B. Pharma
BPT MPT D|BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 16 अंक: 46 लखनऊ, बुधवार 07 अक्टूबर 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बडे फैशले लिए गये

एजेंसी

दिल्ली। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ITLA को देश में एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स योजना का राष्ट्रीय शीर्ष संस्थान बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नीति अनुसंधान, परियोजना योजना और मूल्यांकन, निगरानी एवं प्रभाव आकलन तथा डेटा एनालिटिक्स को एक ही व्यवस्था के तहत लाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक, सरकार प्रमुख के रूप में उनकी 25 वर्षों की निरंतर सेवा और नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुई यह यात्रा अब प्रधानमंत्री के रूप में लगातार जारी है। इस अवसर पर सभी मंत्रियों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त किया। इसके बाद कैबिनेट ने कई अहम नीतिगत फैसलों पर मुहर लगाई। इनमें देश के परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र को एकीकृत करने के लिए इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी (ITLA) के गठन को मंजूरी और छोटे एवं मझोले उद्यमों को विस्तार के लिए पूंजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10,000 करोड़ के SME Growth Fund (SGF) की स्थापना का फैसला प्रमुख है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री



अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद कैबिनेट के इन फैसलों की जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्ज्स्। को देश में एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स योजना का राष्ट्रीय शीर्ष संस्थान बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नीति अनुसंधान, परियोजना योजना और मूल्यांकन, निगरानी एवं प्रभाव आकलन तथा डेटा एनालिटिक्स को एक ही व्यवस्था के तहत लाना है। इससे अलग–अलग परिवहन परियोजनाओं की योजना, मूल्यांकन और निगरानी में तालमेल बढ़ाने पर जोर होगा।उन्होंने बताया कि नई तकनीकी मूल्यांकन प्ज्स्। करेगा, ताकि उनमें मल्टी–मोडल प्लानिंग सुनिश्चित हो सके। साथ ही सड़क, रेलवे, बंदरगाह, विमानन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय शिपिंग, शहरी परिवहन और लॉजिस्टिक्स को समेटते हुए दीर्घकालिक National Transport Master Plan तैयार किया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ITLA 500 करोड़ से अधिक की परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की निगरानी, अड़चनों के समाधान के लिए समन्वय और परियोजना पूरी होने के बाद उसके प्रभाव का आकलन भी करेगा। शहरी ट्रैफिक डेटा को जोड़कर तैयार की जाएगी। परियोजनाओं की योजना को अधिक प्रमाण–आधारित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अथॉरिटी छंजपवदंस स्वहपेजपबेच्वसपबल, 2022 की समीक्षा और अपडेट में सहायता देने के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में प्रशिक्षण, स्किलिंग, क्षमता निर्माण तथा शोध एवं नवाचार को भी बढ़ावा देगी। इसके अलावा, दूसरा बड़ा फैसला छोटे और मझोले उद्यमों के लिए है। मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ के SME Growth Fund की स्थापना को मंजूरी दी है। यह फंड ऐसे SMEs में इक्विटी निवेश करेगा जिनका कारोबार व्यवहार्य साबित हो चुका है और जिनमें बड़े स्तर पर विस्तार करने की क्षमता है। हम आपको बता दें कि इस पहल की घोषणा केंद्रीय बजट 2026–27 में की गई थी। इसके तहत फंड का बड़ा हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग आधारित SMEs को मिलेगा, लेकिन सेवाओं, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन–ड्रिवन क्षेत्रों और रणनीतिक वैल्यू चेन से जुड़े उद्यम भी इसके दायरे में होंगे। सरकार का जोर SMEs की उस समस्या को दूर करने पर है, जिसमें कारोबार बढ़ाने के लिए पर्याप्त ग्रोथ कैपिटल उपलब्ध नहीं हो पाता।

गीता प्रेस की पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संवाददाता

लखनऊ। गीता प्रेस की प्रतिष्ठित पत्रिका कल्याण का शताब्दी समारोह 7 अक्टूबर को गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार की 134वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रख्यात विद्वान सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रसार में पत्रिका के सौ वर्षों के योगदान पर चर्चा करेंगे। गोरखपुर। भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और नैतिक मूल्यों के प्रचार–प्रसार के लिए समर्पित गीता प्रेस की प्रतिष्ठित पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी समारोह का आयोजन 7 अक्टूबर को गोरखपुर में किया जाएगा। रहा है। समारोह में देश के प्रख्यात



सायं 4 बजे आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।यह आयोजन श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार के 134वें जयंती महोत्सव के अवसर पर किया जा विद्वान और विचारक पत्रिका 'कल्याण' की सौ वर्षों की वैचारिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।समारोह को पूर्व सांसद प्रो. राकेश सिन्हा, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय, भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ. ओमजी पाण्डेय संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि पत्रिका 'कल्याण' ने एक शताब्दी से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चिंतन और नैतिक जीवन–मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पत्रिका भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को जन–जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम रही है।

दशहरे पर किसानों को बड़ा तोहफा देगी योगी सरकार, यूपी में अनुदान पर मिलेंगे कृषि यंत्रय ऐसे होगा आवेदन

लखनऊ। योगी सरकार अन्नदाता किसानों को दशहरा पर उपहार देगी। उपहार स्वरूप प्रदेश के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त होगा। इसके लिए अन्नदाता किसानों को 7 से 20 अक्टूबर संयुक्त कृषि निदेशक (अभियंत्रण) बलराम वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से संचालित नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनांतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना में 2166 कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिडयू अंतर्गत 1755 कृषि यंत्र तथा अन्य योजनाओं के कृषि यंत्रध कृषि रक्षा उपकरण के लिए अनुदान दिया जाएगा। कृषि यंत्र के लिए किसान कर सकेंगे आवेदनकस्टम हायरिंग सेंटर व फार्म मशीनरी बैंक (10–10 लाख), किसान ड्रोन व अन्य एकल कृषि यंत्र पर अनुदान दिया जाएगा। वहीं फसल अवशेष प्रबंधन के तहत एकल कृषि यंत्र व कस्टम हायरिंग सेंटर (30 लाख), त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मेज सेलर, मिलेट



पर्लर, कीट रोग नियंत्रण योजना के तहत कृषि रक्षा यंत्र, सीडीपी योजना के तहत कृषि यंत्र के लिए किसान आवेदन कर सकेंगे।। इस लिंक पर किसान कार्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यहां पूर्ण विवरण, यंत्र बुकिंग, अनुदान प्रक्रिया आदि की भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

पंजाब सीएम बगवंत मान के कैंप आफिस और ओएसडी पर सीबीआई का एक्शन,ईडी ने लगाए थे आरोप

एजेंसी।

दिल्ली। हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कैंप ऑफिस और उनके ओएसडी के घर पर तलाशी ली। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के तहत की गई, जिसके खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। मुख्यमंत्री मान ने इस कार्रवाई को सरकार को बदनाम करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग बताया। सीबीआई ने मंगलवार को चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कैंप ऑफिस और उनके OSD (विशेष कार्याधिकारी) राजबीर सिंह घुमन के घर पर तलाशी ली। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश के एक दिन बाद हुई है, जिसमें एजेंसी को मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए केस दर्ज करने को कहा गया था। भगवंत मान ने सीबीआई की कार्रवाई पर



एक्स पर पोस्ट करके प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने पंजाब चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। मेरे कैंप ऑफिस पर CBI की रेड पड़ी। अब पंजाब सरकार और मुझे बदनाम करने के लिए पंजाब में म्क और ब्ठप् का गलत इस्तेमाल किया जाएगा। लोगों से मिल रहे प्यार और समर्थन से बीजेपी घबरा गई है। यह मामला पंजाब सरकार में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा है, जो प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने लगाए हैं। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने CBI को इन दावों की जांच करने का आदेश दिया। खासकर इस बात पर आपत्ति जताई गई थी कि म्क के दस्तावेजों में मुख्य व्यक्तियों में से एक होने के बावजूद, राजबीर सिंह घुमन पंजाब पुलिस की शुरुआती जांच में शामिल नहीं थे। हाई कोर्ट ने वकील निखिल सराफ की ओर से दायर एक PIL पर सुनवाई करते हुए पाया कि उसके सामने पेश किए गए दस्तावेजों से संज्ञेय अपराधों (cognizable offence) का पता चलता है। कोर्ट ने जांच का आदेश दिया और पंजाब सरकार व राज्य पुलिस को केंद्रीय एजेंसी की मदद करने का निर्देश दिया।पंजाब सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

उत्तर प्रदेश में जापानी निवेश की तैयारीरु 19 अक्टूबर को जापान जाएगा यूपी सरकार का प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। राज्य में विदेशी निवेश को आमंत्रित करने के लिए राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल 19 अक्टूबर को जापान जाएगा।



चार दिवसीय दौरे में ग्रीनहाईड्रोजन, इलेक्ट्रानिक्स और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के क्षेत्र में निवेश को लेकर विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ करार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 से 26 फरवरी तक सिंगापुर व जापान की यात्रा की थी। इस यात्रा में जापान के यामानाशी प्रांत के 200 निवेशकों को उन्होंने राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री की इस यात्रा से पहले जनवरी में जापानी निवेशकों का दल उत्तर प्रदेश के दौरे पर आया था।इसके बाद से जापानी निवेशकों के दो दौरे उत्तर प्रदेश में हो चुके हैं। औद्योगिक विकास विभाग ने जापानी निवेशकों को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर पांच–ए में स्थापित की जा रही जापानी सिटी का भी दौरा कराया था। साथ ही लखनऊ और अन्य जिलों में उपलब्ध भूमि, सड़क, हवाई व रेल की कनेक्टिविटी की जानकारी दी थी। जापान की कनाडेविया कंपनी के प्रतिनिधियों ने ग्रीन हाईड्रोजन के क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई है।इसी सिलसिले में राज्य सरकार का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी के नेतृत्व में जापान के यामानाशी प्रांत के दौरे पर जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा), आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी शामिल होंगे।जापानी कंपनी कनाडेविया के साथ आइआइटी कानपुर व बीएचयू में स्थापित हो रहे ग्रीन हाईड्रोजन के एक्सीलेंस सेंटरों की स्थापना में तकनीकी सहयोग प्रदान करने को लेकर पहले ही एमओयू हो चुका है।

सितंबर में यूपी का कर-करोत्तर राजस्व 18,570 करोड़ रुपये, पिछले साल से 3,332 करोड़ की बढ़ोतरी

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश में मुख्य कर एवं करेतर राजस्व वाली मदों में वित्तीय वर्ष 2026–27 के सितंबर माह में कुल 18,570 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025–26 के सितंबर माह में 15,238 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार सितंबर 2025 की तुलना में सितंबर 2026 में प्रदेश सरकार के मुख्य कर एवं करेतर राजस्व वाली मदों में 3,332 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सितंबर तक कर राजस्व की मदों में कुल 1,60,876.57 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 1,19,769.53 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।वित्त मंत्री ने बताया कि वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत सितंबर 2026 में कुल 7,053 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि सितंबर 2025 में 5,611 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष सितंबर की तुलना में इस वर्ष सितंबर में 1,442 करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। वैट के अंतर्गत सितंबर 2026 में 2,628 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि सितंबर 2025 में यह राशि 2,369 करोड़ रुपये थी। इस मद में 259 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।उन्होंने बताया कि आबकारी के अंतर्गत सितंबर 2026 में कुल 4,611 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो सितंबर माह के निर्धारित लक्ष्य का 92.2 प्रतिशत है। सितंबर 2025 में आबकारी मद में 3,812 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में सितंबर 2026 में आबकारी राजस्व में 799 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।स्टांप एवं निबंधन के अंतर्गत सितंबर 2026 में 3,054 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि सितंबर 2025 में 2,517 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। इस मद में 537 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। परिवहन विभाग के अंतर्गत सितंबर 2026 में 1,001 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य का 105.6 प्रतिशत है। सितंबर 2025 में परिवहन मद से 746 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सितंबर में 255 करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। करेतर राजस्व की प्रमुख मद भू–तत्व तथा खनिकर्म के अंतर्गत सितंबर 2026 में 223 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जबकि सितंबर 2025 में यह राशि 183 करोड़ रुपये थी।वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में सितंबर तक कर राजस्व के अंतर्गत 1,19,769.53 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो सितंबर 2026 तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 74.4 प्रतिशत है। राज्य कर के अंतर्गत सितंबर तक 97,318.59 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 63,529.21 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। आबकारी मद में सितंबर 2026 तक 31,800 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 29,409.47 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो लक्ष्य का 92.5 प्रतिशत है।स्टांप एवं निबंधन के अंतर्गत इस अवधि तक 22,352.60 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 18,442.33 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 82.5 प्रतिशत है।

चुनाव आयोग पर राहुल गांधी का वार चुनावी प्रक्रिया बर्बाद, जवाब से क्यों डर रहे मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी।

दिल्ली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी और करीब 300 सांसदों को चुनाव आयोग जाने से पुलिस ने आकाशवाणी भवन के पास रोक दिया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त मिलने से डर रहे हैं और चुनावी प्रक्रिया बर्बाद हो चुकी है। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए राहुल गांधी पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। आकाशवाणी भवन परिसर में खड़े होकर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने फिर से सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ही खत्म हो गया है क्योंकि पूरा देश जानता है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार ने मिलकर चुनावी प्रक्रिया को बर्बाद कर दिया है। देश यह बात समझ गया है। एक तरह से, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देश पर कब्जा कर लिया है, और हम संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष के 300 सांसद उस चुनाव आयोग से मिलना चाहते हैं जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष माना जाता है। हम सवाल पूछना चाहते हैं, बंगाल, हरियाणा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बारे में। वे जवाब नहीं देना चाहते। अगर उन्होंने वोट नहीं चुराए होते, तो वे हमसे मिलने के लिए एक मिनट में तैयार हो जाते। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस से कहा, श्मैं पहले वहाँ बैठा था। आपने मुझे वहाँ से हटा दिया। अब मैं यहाँ आया हूँ, और आप मुझे यहाँ से भी हटाना चाहते हैं।श मैं बस पुलिस से यह पूछ रहा हूँकृठीक है, अगर आप मुझे यहाँ से हटाना चाहते हैं, तो हटा दीजिएकृलेकिन बस मुझे यह बता दीजिएरू इस देश में मैं कहाँ बैठ सकता हूँ? मैं बस कहीं बैठना चाहता हूँ। मैंने पुलिस से विनम्रता से पूछारू कृपया मुझे बताएँ कि मैं कहाँ बैठ सकता हूँ। क्या मैं इंडिया गेट पर बैठ सकता हूँ? क्या मैं जंतर–मंतर पर बैठ सकता हूँ? क्या मैं सड़क पर बैठ सकता हूँ? मैं कहाँ बैठ सकता हूँ? बस कोई जगह बता दीजिए, और मैं वहीं बैठ जाऊँगा। इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शेगा नहीं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'निर्वाचन सदन' के बाहर रोके गए लगभग 300 सांसदों से मिलने से डर रहे थे। पत्रकारों से बात करते हुए



राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि अगर संवैधानिक अधिकारी चुने हुए प्रतिनिधियों से बात करने से इनकार करते हैं, तो भारतीय लोकतंत्र का क्या हाल होगा। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले, लोकसभा और राज्यसभा के लगभग 300 सांसद यहां आए थे।

लखनऊ में युवाओं को पासपोर्ट बनवाने का सुनहरा अवसर, अवकाश के दिन भी खुलेगा कार्यालय

संवाददाता, लखनऊ। अवकाश होने के बाद भी इस शनिवार को पासपोर्ट बनाने, रिइश्यू करने और पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जैसे काम के लिए अपाइंटमेंट प्रदान किया जाएगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने विशेषकर युवाओं के लिए "पासपोर्ट प्रथम, भावी अवसर" अभियान की शुरुआत की है।शनिवार को चारों पासपोर्ट सेवा केंद्रों और पोस्ट आफिस पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) के अपाइंटमेंट मंगलवार को पासपोर्ट विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हो जाएंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि इस पहल से युवाओं को अपना प्रथम पासपोर्ट बनाने और उच्च शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण, शैक्षणिक आदान–प्रदान व अन्य अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए तैयार रहने में आसानी होगी। मंगलवार से प्रदेश के सभी प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, प्रशिक्षु, शोधार्थी एवं शिक्षक अपने पासपोर्ट आवेदन के लिए चेंचवतजपदकपं.हवअ. पद वेबसाइट के माध्यम से अपने निकटतम पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए अपाइंटमेंट ले सकते हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 07 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

संभव जनसुनवाई में 17 शिकायतें प्राप्त, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

-नगर निगम के भूतेश्वर और वृंदावन जोन में हुई जनसुनवाई, एक शिकायत का मौके पर निस्तारण

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार आयोजित किए जा रहे "संभव" संतुष्टि एवं समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम मथुरा–वृंदावन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 बजे से अपर नगर आयुक्त श्रीमती सुनीता सिंह एवं अपर नगर आयुक्त श्रीमती प्रियंका सिंह ने जनसुनवाई की। वहीं वृंदावन जोन में सहायक नगर आयुक्त नीरज शर्मा तथा सिटी जोन के जनरल गंज कार्यालय में अवर



अभियंता अजय कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई।जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्तों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

भूतेश्वर जोन में 10 शिकायतें प्राप्त

भूतेश्वर जोन में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 04 शिकायतें सफाई व्यवस्था, 05 अतिक्रमण तथा 01 शिकायत प्रकाश विभाग से संबंधित रही। इनमें से सफाई विभाग से संबंधित एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

वृंदावन जोन में 7 शिकायतें

वृंदावन जोन में कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 05 शिकायतें जलकल विभाग, 01 निर्माण विभाग तथा 01 शिकायत प्रकाश विभाग से संबंधित रही।अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार परीक्षण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर नगर आयुक्त श्रीमती सुनीता सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, कर निर्धारण अधिकारी अरविंद, सहायक अभियंता जलकल हेमेंद्र गौतम, अवर अभियंता विद्युत यांत्रिकी शैलेश सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सपा प्रमुख को हिरासत में लेना लोकतंत्र की हत्या- सपा

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को चुनाव आयोग के समक्ष प्रदर्शन के लिए जाते समय दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की समाजवादी पार्टी प्रयागराज की जिला एवं महानगर इकाई सहित पार्टी के नेताओं ने कड़ी निंदा की है।मंगलवार को पार्टी कार्यालय में बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना प्रत्येक राजनीतिक दल और नागरिक का अधिकार है। यदि विपक्ष चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची अथवा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े सवाल उठाता है तो सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को उसका जवाब देना चाहिए, न कि आवाज दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करना चाहिए।

महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि अखिलेश यादव को हिरासत में लेना सत्ता की निरंकुश मानसिकता को दर्शाता है। विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, गीता शास्त्री ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कार्रवाई केवल अखिलेश यादव अथवा इण्डिया गठबंधन के नेताओं के खिलाफ नहीं, बल्कि उन करोड़ों मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार है, जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहते हैं। प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। आगामी 8अक्टूबर को जिला कार्यालय जार्ज टाउन से दोपहर 12 बजे नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का पैदल मार्च निकलेगा जो बालसन स्थित गाँधी जी की प्रतिमा तक जायेगा। वहां संविधान के अनुच्छेद 326का पाठ होगा एडवोकेट, जगदीश यादव, शकील



इसके बाद राष्ट्र गान होगा।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव अहमद, बृज लाल यादव, श्याम सूरत, अमर सिंह, बच्चा यादव, भागीरथी बिन्द, सोम दत्त पटेल, ननकेश बाबू यादव, मो अजहर, शकील अहमद, ओ पी यादव, कृपा शंकर बिन्द, राम अवध पाल, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न देने की उठी मांग

93वीं जयंती पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने दी श्रद्धांजलि, जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल-बिस्किट और होली गेट पर किया मिष्ठान वितरण

(मथुरा)

किसानों के मसीहा एवं महान किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 93वीं जयंती मंगलवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहा स्थित संगठन के महानगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "बाबा महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहें" और "जय जवान, जय किसान" के गगनभेदी नारे लगाकर किसान नेता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के बाद संगठन के पदाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। इसके साथ ही होली गेट चौराहे पर आमजन एवं राहगीरों को मिष्ठान वितरित किया गया।

प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन होली गेट चौकी प्रभारी सूरजमल को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न से सम्मानित करने, महानगर के किसी प्रमुख चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने तथा उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर केंद्रीय एवं राज्यकीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई।



भारतीय किसान क्रांति यूनियन के उत्तर प्रदेश प्रभारी पंडित मानिक शर्मा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की आवाज को बुलंद करने वाले ऐसे महान किसान नेता को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना समय की मांग है।

उन्होंने कहा कि जब देश में फिल्म और खेल जगत की हस्तियों को भारत रत्न जैसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जा सकता है, तो किसानों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को इस सम्मान से क्यों वंचित रखा जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि बाबा टिकैत को शीघ्र भारत रत्न प्रदान किया जाए।

"किसानों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे बाबा टिकैत"

पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवन पर्यंत किसान, गरीब और मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य किया। उनके संघर्ष, विचार और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा टिकैत आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष की विरासत किसानों के बीच हमेशा जीवित रहेगी।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश सैनी ने भी बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भगवानदास तोमर, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, शहर अध्यक्ष तनवीर कुरैशी, उत्तर प्रदेश महासचिव पंडित नरोत्तम लाल पाराशर, जिला सलाहकार प्रयागनाथ चतुर्वेदी, वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत, राघव शर्मा, गिर्राज पाराशर, डॉ. महेंद्र शर्मा, विकास निषाद, सोहनलाल निषाद, अशोक निषाद सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किशोर की धारदार हथियार से हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

सिर पर ताबड़तोड़ वार किएय पुलिस हिरासत में 3 दोस्त

प्रयागराज। झूंसी थाना क्षेत्र में 17 साल के किशोर की हत्या कर दी गई। हत्यारोपियों ने उसके सिर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए। फिर उसकी लाश को गंगा कछार के पास झाड़ियों में फेंक दिया। किशोर सोमवार रात से लापता था। परिवारवाले उसकी तलाश में जुटे थे। मंगलवार सुबह उसका शव गंगा किनारे मनसैता नाले के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घरवालों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किशोर का अपने दोस्तों से 15 हजार रुपए के लेनदेन का विवाद सामने आया है। इसके साथ ही एक युवती को लेकर भी उसकी दोस्तों से तनातनी चल रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झुंसी थाना क्षेत्र के कोहना बस्ती निवासी शांतनु दुबे (17) पुत्र दीपक दुबे सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिवार और परिचितों ने रातभर आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन शांतनु का कोई पता नहीं चला। रात भर उसकी खोजबीन चलती रही।मंगलवार सुबह गंगा किनारे मनसैता नाले के पास झाड़ियों में एक किशोर का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव पर चोट के निशान मिले। सिर पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई। शव मिलने की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो शव की शिनाख्त हुई। शांतनु की टी–शर्ट देखकर परिजनों ने उसकी पहचान की। परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि घर से निकलने से पहले शांतनु के पास किसी की कॉल भी आई थी।प्रारंभिक जांच में पुलिस को शांतनु के कुछ दोस्तों के बारे में जानकारी मिली है। पुलिस ने तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। दरअसल पता चला है कि वह इन्हीं दोस्तों के साथ रहता था। इनमें से दो युवकों के साथ उसका 15 हजार रुपयों को लेकर विवाद भी हुआ था।इस बात का जिक्र उसने घरवालों से भी किया था। एक युवती को लेकर भी तनातनी की बात सामने आई है। पुलिस अफसरों का कहना है कि कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घटना वाली रात उनकी लोकेशन क्या थी, इसका पता लगाया जा रहा है। सीडीआर भी निकलवाई जा रही है। डीसीपी सिटी सागर जैन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने



की कार्रवाई की जा रही है। प्रथमदृष्टया सिर पर शार्प ऑब्जेक्ट से चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद बाकी बातें स्प्ष्ट होंगी। घटनास्थल के आसपास जांच कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

बलदेव में भाजपा की एमएलसी चुनाव तैयारी बैठक सम्पन्न

शिक्षक और स्नातक मतदाताओं तक पहुंचने का बना रोडमैप, दोनों सीटों पर जीत का संकल्प

(मथुरा)

आगामी शिक्षक खंड एवं स्नातक खंड विधान परिषद चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को बलदेव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की एक महत्वपूर्ण चुनावी तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से व्यापक संपर्क स्थापित करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया।



बैठक डॉ. देवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आगामी एमएलसी चुनावों को लेकर जिम्मेदारियां सौंपते हुए मतदाता संपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का रोडमैप तैयार किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज का सबसे जागरूक एवं प्रबुद्ध वर्ग है। यही वर्ग समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक मतदाता तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर भाजपा की नीतियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा शिक्षकों के सम्मान और उनके हितों के लिए कार्य किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मंडलवार मतदाता सूची तैयार कर प्रत्येक शिक्षक एवं स्नातक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और मजबूत संगठनात्मक रणनीति के दम पर भाजपा आगामी चुनाव में दोनों सीटों पर रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों को लेकर बूथ एवं मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा संगठन की योजनाओं को प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सतपाल चौधरी, आकाश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जगमोहन पाठक, अनिल चौधरी, जिला मंत्री मनीषा पाराशर, अजय परखम, सुरेश तरकर, भानु प्रताप सिंह, रनवीर ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, जिला सह मीडिया प्रभारी नारायण पांडे, बलदेव नगर पंचायत अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल, राया के पूर्व अध्यक्ष राकेश बंसल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष निहाल सिंह आर्य, जिला उपाध्यक्ष वीरपाल भरंगर, चंद्रवीर सिंह, संजय तरकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों और अभिभावकों को किया जागरूक

प्रयागराज। त्रिशला फाउंडेशन की पूरी टीम 2005 से सेरेब्रल पाल्सी एवं बच्चों की अन्य शारीरिक दिव्यांगताओं के लिए कार्य कर रही है। 2014 में त्रिशला फाउंडेशन की स्थापना के बाद इन कार्यों में तेजी से प्रगति हुई और आज पूरे विश्व से सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के अभिभावक संस्था से जुड़े हुए हैं। विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस 2026 के अवसर पर त्रिशला फाउंडेशन ने आयोजित किया दो दिवसीय जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों को उनकी शारीरिक कठिनाइयों के आधार पर समाज से अलग नहीं किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के प्रथम दिन 04 अक्टूबर को पूरे दिन त्रिशला फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार जैन एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा 6 अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन मार्गदर्शन एवं असेसमेंट कैंप आयोजित किए गए। इस ऑनलाइन कैंप में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ–साथ युगांडा, अल्जीरिया एवं अन्य दक्षिण अफ्रीकी देशों से भी सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की स्थिति और आवश्यकताओं को समझते हुए अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन एवं पुनर्वास संबंधी सुझाव प्रदान किए। आज मंगलवार को त्रिशला फाउंडेशन के आईटी विभाग द्वारा फाउंडेशन के पाँचों केंद्रों में बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों का लाइव प्रसारण किया गया। इस लाइव कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के अभिभावकों को त्रिशला फाउंडेशन के विभिन्न केंद्रों पर बच्चों के लिए किए जा रहे पुनर्वास एवं अन्य गतिविधियों को देखने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माता–पिता को भी सकारात्मक रहने तथा अपने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मांगों को लेकर छात्रों का महाजुटान

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर छात्र महाजुटान आंदोलन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय के मेन गेट पर पहुंचे और चक्काजाम कर विरोध जताया। इसके बाद छात्रों ने कैंपस में मार्च निकालकर नारेबाजी की। छात्र फीस वृद्धि, पाठ्यक्रमों में सीटों की कटौती, निलंबित छात्रों की बहाली और विश्वविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

छात्रों ने महीनों से चल रहे आंदोलन को सोमवार को छात्रों ने आंदोलन को भूख हड़ताल में बदल दिया। आंदोलनकारी छात्र छात्रसंघ भवन से धरना स्थल बदलकर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे और वहां अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी।

मंगलवार को छात्र महाजुटान के जरिए आंदोलन को और व्यापक रूप दिया गया। बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय परिसर में जुटे। छात्रों ने कैंपस में मार्च निकाला और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मेन गेट पर चक्काजाम कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में हर साल करीब 10 प्रतिशत और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में करीब 14 प्रतिशत फीस बढ़ाई जा रही है। छात्रों का कहना है कि लगातार फीस बढ़ने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई जारी रखने की चुनौती बढ़ रही है।

छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की करीब 6 हजार सीटें कम कर दी गई हैं। इससे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या प्रभावित हो रही है। छात्र सीटों में की गई कटौती को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। छात्र नेताओं ने निलंबित छात्रों को तत्काल बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर विश्वविद्यालय प्रशासन को पुनर्विचार करना चाहिए।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर संपन्न हुआ

Wisdom india

2 अक्टूबर 2026 को मानस मंडल आर एम ब्लॉक सेक्टर 2 राजेंद्र नगर साहिबाबाद के द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मानस परिवार के सदस्यों व क्षेत्र वासियों द्वारा भव्य रक्तदान किया गया इस रक्तदान से बहुत से जरूरत मंदों को लाभ मिलेगा इस शिविर कार्यक्रम में उपस्थित सर्वश्री विनोद कुमार सिसोदिया अध्यक्ष विनेश कुमार टंडन महासचिव धनंजय श्रीवास्तव ललित मोहन उपाध्याय देवेंद्र सिंह सोम एन वैन्कट राव रिया शर्मा गुन गुन पाल वाई एस त्यागी पवन कुमार श्रीवास्तव सुनील ठाकुर पवन सिसोदिया रमाकांत पांडेय संजीव कुमार राहुल शर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज के मुख्य द्वार पर गिरा पेड़

नगर निगम के कार्य के दौरान हुई घटना, बड़ा हादसा टला

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के मुख्य द्वार के पास मंगलवार सुबह नगर निगम द्वारा जेसीबी मशीन से कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान कॉलेज के मुख्य द्वार पर स्थित एक विशाल वृक्ष अचानक गिर गया, जिससे कॉलेज की संपत्ति को नुकसान पहुँचा। गनीमत रही कि इस घटना में किसी छात्रा, शिक्षक अथवा कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर निगम के द्वारा जेसीबी से कॉलेज मुख्य द्वारा के पास किए जा रहे कार्य के दौरान विशाल वृक्ष के गिरने से कॉलेज के मुख्य द्वार एवं एक पिलर वं आसपास के हिस्से को नुकसान पहुंचा। घटना के समय कॉलेज परिसर में छात्राओं एवं कर्मचारियों की मौजूदगी के कारण स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो गई थी।कॉलेज प्रशासन का कहना है कि नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्य के संबंध में छात्राओं की सुरक्षा तथा कॉलेज परिसर की स्थिति को लेकर पूर्व से ही चिंता व्यक्त की जाती रही है। नगर निगम द्वारा फुटपाथ बनाने के क्रम मे खुदाई करके लंबे समय से आधा अधूरा छोड़ दिया था जिसके कारण जलभराव बना रहा शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्राओं के सामान्य आवागमन मे बाधा होना पिछले कई महीनों से स्पष्ट अनुभव किया जा रहा है जो कि संबंधित विभागीय लापरवाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है जिस कारण जानमाल को खतरा सदैव बना रहता है घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा खुदाई संबंधी कार्य सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक सावधानियों के साथ किया जाए, ताकि भविष्य में छात्राओं एवं कॉलेज कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उत्×ष्ट कार्य करने वाले 34 पुलिसकर्मी सम्मानित, एसएसपी ने दिए प्रशस्ति पत्र

(मथुरा)(ए.के. शर्मा)

जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने, त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने और गंभीर अपराधों का त्वरित अनावरण करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा ने सम्मानित किया।



सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन मथुरा स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुल 34 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता और सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

सम्मानित पुलिसकर्मियों में हाईवे, राया, मेला सेल, यातायात, गोवर्धन, मांट, सदर, रिफाइनरी और बरसाना क्षेत्र में तैनात अधिकारी–कर्मचारी शामिल रहे। पुलिसकर्मियों द्वारा अपहरण के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी कर बच्चे को सकुशल बरामद करने, पशु चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने तथा चोरी गए पशुओं की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

इसके अलावा 18 और 19 सितंबर को बरसाना में आयोजित राधाष्टमी एवं शिवपुराण कथा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में मेला सेल और पुलिस अधिकारियों के योगदान को भी सराहा गया। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संभालने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उत्कृष्ट कार्य पुलिस बल के अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं।

सीओ रिफाइनरी के नेतृत्व मे हुए सराहनीय कार्यो को करने वाली पुलिस टीम की हुई खूब सराहना

पांच माह के मासूम की मुरैना से सकुशल बरामदगी

सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मथुरा जंक्शन से अपहृत पांच माह के मासूम को मुरैना से सकुशल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की। संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बच्चे को बरामद कर घटना का खुलासा किया।

दो करोड़ की हेरोइन के साथ अलीगढ़ के दो तस्कर दबोचे

पुलिस टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब दो करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन के साथ अलीगढ़ के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

25 लाख की टप्पेबाजी का शत–प्रतिशत खुलासा

'बोनट में ऑयल डालो, बैग उड़ाओ' जैसे टप्पेबाजी के तरीके से प्लाइवुड व्यापारी के साथ हुई 25 लाख रुपये की घटना का पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस टीम ने आरोपियों तक पहुंचने के साथ घटना में गई रकम की शत–प्रतिशत बरामदगी की।

77 लाख के 550 ग्राम सोने की घटना सुलझाई

कोरियर कंपनी के मैनेजर से 550 ग्राम सोना, जिसकी कीमत करीब 77 लाख रुपये थी, लेकर युवक के फरार होने की घटना का भी पुलिस टीम ने सफल अनावरण किया। मामले में पुलिस कार्रवाई की सराहना की गई।

प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा रामकुमार विश्वकर्मा का गृहजनपद मीरजापुर में हुआ भव्य स्वागत

मीरजापुर । आज दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्षपिछड़ा मोर्चा रामकुमार विश्वकर्मा को प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा नियुक्त कियेजाने पर गृह जनपद मीरजापुर में प्रथम आगमन पर जनपद में बहुत खुशी का माहौल रहा ।कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में मंत्री जी कोपुरजागीर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । तत्पश्चात शास्त्री सेतुपर नगर पश्चिमी मण्डल मण्डल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा द्वारा अपनी पूरी टीम के साथस्वागत अभिनन्दन किया । तत्पश्चात रामकुमार जी का काफिला लालडिग्गी स्थित पं0दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुकेरी बाजार स्थित डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्टी पुरौधों को नमन किया तथासरदार पटेल चौराहा पहुँच कर सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पणकिया । उसके बाद पं0 दीनदयाल पुरम कॉलोनी बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालयपहुँचे जहाँ उनका पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य एवं दिव्य ढोल ताशा बजाकर अंगवस्त्र,बुके के साथ स्वागत किया । अभिनन्दन सभा में प्रदेश मंत्री ने



कहा कि माँविन्ध्यवासिनी को प्रणाम करता हूँ और शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करतेहुए कहा कि यह पद हमारे लिए दायित्व नहीं सम्मान के साथ दृ साथ और अधिक जिम्मेदारीहै । मैं हमेशा पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगातथा संगठन के निर्देशों और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य करतारहूँगा । आगे उन्होंने कहा कि पार्टी 2014 के बाद देश के मुखिया दुनिया के सबसेलोकप्रिय नेता मा0 नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार विकास एवं तरक्कीकर रहा है । सबसे पहले, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग यानी छब्ठ को संवैधानिक दर्जा देने कामहत्वपूर्ण काम, मेडिकल शिक्षा में ओबीसी विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी कमी को दूरकरते हुए ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, पीएम विश्वकर्मा के माध्यम सेपारम्परिक हुनर से जुड़े, शिल्पकार, कारीगरों को पारंपरिक व्यवसायों को आधुनिकप्रशिक्षण, तकनीक से जोड़ने का प्रयास किया । जहाँ समाजवादी पार्टी पीडीए का नामलेकर दलितों और पिछड़ों को लुटने का काम किया । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामीचुनाव स्नातक दृ शिक्षक चुनाव दृ 2026 हेतु कार्यकर्ताओं से जिताने का आग्रह किया ।कार्यकर्ताओं से 2027 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा सियाराम बिन्द, संजय गुप्ताने किया ।

उक्तकार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन श्रीमाली, जिलापंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, दिनेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उदयभान तिवारी, इन्द्र कुमारसिंह, जिला महामंत्री रवि शंकर पाण्डेय, स्वामीनाथ सिंह, पूर्व जिला महामंत्रीहरिशंकर सिंह पटेल, वीरेन्द्र प्रताप यादव, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिलामीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आभा पटेल, राज बहादुरसिंह, वीरेन्द्र कुमार मौर्य वीरू, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा विद्याशंकरमौर्य, कमलेश यादव, नितिन विश्वकर्मा, डॉली अग्रहरि, प्रीतेश कुमार सिंह, संतोषकुमार पाठक, कमलेश मौर्य, जिलाध्यक्ष अनु मोर्चा राजेश कुमार, प्रणेश प्रताप सिंह,शिव शरण राय, पंकज चन्देल, गुलाब प्रजापति, विजय प्रजापति, सौरभ प्रजापति,सुरेन्द्र पाल, शिवम मोदनवाल, धर्मराज विश्वकर्मा, रविन्द्र मौर्य, संजय मौर्य,महेन्द्र पाल, सुजीत मोदनवाल, सत्यनारायण कसेरा, अतुल गुप्ता, शिवम अग्रहरि, शुभमजायसवाल के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता में दिखी बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा,नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया उत्साहवर्धन

मीरजापुर।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में 'मेरे सपनों का भारत' विषय के अंतर्गत रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रतियोगिता में प्रतिभाग



करने वाले छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।बता दे विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।रंगोली,निबंध और चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के साथ–साथ भारत के उज्ज्वल, विकसित और सशक्त भविष्य की कल्पनाओं को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा और उत्साह देखने को मिला।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा जब सेवा का रंग राष्ट्र के संग हो,आप जिस भी प्रोफेशन में है अगर आपके अंदर राष्ट्र सेवा का भाव है,आप जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हो बस मन ये भाव रखे कि ये देश हमारा है और इस देश के लोग हमारे है।इस भाव से काम करेंगे तो निश्चित ही 2047 तक भारत को विकसित देश का लक्ष्य पूरा हों सकेगा।आज के यही प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही कल के विकसित और सशक्त भारत की नींव हैं। बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को ऐसे आयोजनों के माध्यम से मंच मिलना जरूरी है। 'मेरे सपनों का भारत' जैसे विषय विद्यार्थियों को देश के भविष्य के बारे में सोचने और अपनी कल्पनाओं को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं।पूरे विश्व में भारत एक सबसे ज्यादा युवाओ वाला देश है, जहा एकतरफ चाइना बुढ़ा हो रहा है,वही भारत की साठ प्रतिशत आबादी युवाओं की है।देश के युवा अपनी पूरी क्षमता और प्रतिभा के साथ देश के लिए काम करे तो निश्चित ही मोदी जी के विकसित भारत को बनने में देर नहीं लगेगी।इस अवसर पर हेमंत त्रिपाठी,भावेश शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी,अध्यापकगण सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

सपा ने पैदल मार्च कर अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर उतरे

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर रिहा करने की उठाई आवाज

चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोट चोरी करने का काम किया: अशोक यादव

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षिलेश यादव जी की चुनाव आयोग के खिलाफ वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुॅचकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और वक्ताओं ने



कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को बिना शर्त रिहा नही किया गया तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक जोरदार प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा सरकार के इशारे पर एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोट चोरी कर भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका रही। उन्होने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग ने करोड़ो मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से काटने का काम किया है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने का समय आ गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इनके नाकाम इरादो को सफल नही होने देगी। उन्होने कहा कि 8 अक्टूबर को पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी भारी संख्या में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन व पैदल मार्च मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला, संतोष गोयल, अभय यादव, झल्लू यादव, परवीन बानो, बन्दना गुप्ता, रंजीत फौजी, पियूष यादव, राममिलन यादव, मेवालाल प्रजापति, अमरेश सोनकर, उपेन्द्र तिवारी, अशोक यादव, रवि यादव, कर्मराज यादव, गिरीशचन्द पाण्डेय, शिवकुमार यादव, अवधेश सिंह, अहमद नवाज, चिन्तामणि यादव, संतोष बिन्द, विनोद यादव, सूरज यादव, गणेश प्रजापति, मनीष यादव, केशरी नन्दन, शिवसेवक पाण्डेय, अनिल सिंह, बृजलाल मौर्या आदि सैकड़ो लोग शामिल थें।

2511 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुनी गई पोषण पाठशाला

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय पोषण माह–2026 के तहत मंगलवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से पोषण पाठशाला–स्वस्थ बच्चे, सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सीधा वेबकास्ट जिले के सभी 2511 आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया, जिसे लाभार्थी परिवारों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और विभागीय कर्मचारियों ने सुना। कार्यक्रम में बच्चों के पोषण, ऊपरी आहार और परिवार की भूमिका पर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग लीना जौहरी ने कहा कि बच्चों का बेहतर पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे परिवार को इसमें सहयोग करना चाहिए। निदेशक आईसीडीएस हर्षिता माथुर ने डिजिटल माध्यमों के जरिए पोषण संबंधी सही जानकारी लाभार्थियों तक पहुंचाने की उपयोगिता बताई। यूनिसेफ की डॉ. शालिनी रमन और वरिष्ठ पोषण विशेषज्ञ तपस्विनी सेन ने बताया कि छह माह की आयु पूरी होने के बाद बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विविधतापूर्ण ऊपरी आहार देना चाहिए। भोजन की मात्रा, समय और विविधता का ध्यान रखने के साथ बच्चे के संकेतों को समझना भी जरूरी है। कार्यक्रम में डी2सी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मोबाइल, व्हाट्सऐप और एसएमएस के जरिए लाभार्थियों तक पोषण संदेश पहुंचाने की जानकारी दी गई। एनआईसी सुल्तानपुर में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी समेत बाल विकास परियोजना अधिकारी, डीसी एवं मुख्य सेविकाएं मौजूद रहीं।



कल निकलेगी भाजपा की सेवा ज्योति यात्रा

तीनों विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा, भगत सिंह पार्क में सभा के साथ होगा समापन

(मथुरा)

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को जिले में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा की यह यात्रा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस यात्रा के संयोजक जिला महामंत्री सतपाल चौधरी हैं। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा का समापन भगत सिंह पार्क में आयोजित सभा के साथ होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को साकार करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा कार्यकर्ताओं में सेवा एवं संगठन की भावना को और मजबूत किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे सेवा ज्योति यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार यात्रा को लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह है।

हिन्दी के गौरव और महत्व का संदेश देती काव्य कृति 'आओ करें हिन्दी का वंदन' का भव्य विमोचन

केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान में आयोजित हुआ हिन्दी के प्रति समर्पित साहित्यिक एवं सांस्×तिक कार्यक्रम।

मेरठ। भा.कृ.अनु.प.कृकेन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, ग्रास फार्म रोड, मेरठ कैंट में आराध्या प्रकाशन द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ साहित्यकार डा. ईश्वर चन्द गंभीर द्वारा रचित काव्य–संग्रह 'आओ करें हिन्दी का वंदन' का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। हिन्दी भाषा के प्रति समर्पित इस साहित्यिक आयोजन में संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों, साहित्यप्रेमियों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार एवं उसके महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, बच्चों द्वारा कविता–पाठ सहित हिन्दी विषय पर आधारित अनेक प्रतियोगिताएँ प्रमुख रहीं। संस्थान के कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लेकर हिन्दी के प्रति अपनी रुचि और अनुराग का परिचय दिया।



संस्थान के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में डा. ईश्वर चन्द गंभीर की हिन्दी विषय पर केंद्रित काव्य–कृति 'आओ करें हिन्दी का वंदन' का गरिमापूर्ण विमोचन किया गया। कृति के माध्यम से हिन्दी भाषा की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक चेतना, साहित्यिक गरिमा और जन–जन से उसके आत्मीय संबंध को स्वर प्रदान किया गया है।

विमोचन समारोह में संस्थान के निदेशक डा.ए.के. मोहंती, डा. उमेश कुमार सिंह तथा अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डा. ईश्वर चन्द गंभीर एवं वरिष्ठ कवि डा.सुदेश यादव 'जख्मी' प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को साहित्यिक रंग प्रदान करते हुए कवि डा. सुदेश यादव 'जख्मी' ने अपनी श्रृंगार रस से ओतप्रोत कविताओं का सुमधुर पाठ किया। उनकी कविताओं ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को प्रेम, सौंदर्य और संवेदना के भावों से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर श्रोताओं ने मुक्त कंठ से सराहना की और बार–बार तालियों से उत्साहवर्धन किया।

वहीं डा. ईश्वर चन्द गंभीर ने विभिन्न समसामयिक एवं जीवन से जुड़े विषयों पर अपने सशक्त मुक्तक प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का परिचय दिया। उनके मुक्तकों ने श्रोताओं को कभी गुदगुदाया तो कभी गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति पर सभागार में खूब वाहवाही हुई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथि डा. सुदेश यादव 'जख्मी' एवं डा. ईश्वर चन्द गंभीर ने संस्थान के निदेशक डा. ए.के. मोहंती एवं डा. उमेश कुमार सिंह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने हिन्दी भाषा की विशेषताओं, उसकी वैज्ञानिकता, सरलता, व्यापकता एवं भारतीय संस्कृति में उसके महत्वपूर्ण स्थान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, संवेदना और आत्मीयता को जोड़ने वाली सशक्त भाषा है। आज आवश्यकता है कि हिन्दी को केवल बोलचाल तक सीमित न रखते हुए शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, प्रशासन और दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सम्मानपूर्वक अपनाया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने हिन्दी के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार–प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। अंत में सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में डा. रविन्द्र सिंह, सुनील कुमार शर्मा, डा. राहुल कुमार, डा. शंकर कश्यप, डा. नरेश प्रसाद, निशांत सविते, विकाश शर्मा सहित संस्थान के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

'आओ करें हिन्दी का वंदन'कृहिन्दी के प्रति समर्पित एक साहित्यिक पुकार

डा. ईश्वर चन्द गंभीर की यह काव्य–कृति अपने शीर्षक के अनुरूप हिन्दी के प्रति सम्मान, प्रेम और गौरव की भावना को जन–जन तक पहुँचाने का सार्थक प्रयास है। अराध्या प्रकाशन द्वारा प्रकाशित यह कृति हिन्दी साहित्य के प्रति समर्पित पाठकों के लिए निश्चित रूप से एक उपयोगी एवं पठनीय साहित्यिक उपहार है।

अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान

जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में मेरे सपनों का भारत विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, केराकत की छात्रा राधा गिरी ने द्वितीय स्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुफतागंज के छात्र मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी 7 अक्टूबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

बुआ मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को वापस बुलाया या राजनीतिक जाल में फंसा दिया?

असल सवाल यह है कि मायावती ने आकाश आनंद को वापस क्यों बुलाया और वापस बुलाकर उन्हें राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी ही क्यों दी? क्या यह आकाश पर भरोसा है, या फिर उस राजनीतिक संभावना को रोकने की कोशिश है जो उनके बाहर जाने के बाद पैदा हो रही थी? लखनऊ की राजनीति बड़ी अजीब चीज है। यहां सामने कुछ दिखाई देता है मगर असली खेल पर्दे के पीछे चल रहा होता है। बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद के मामले में भी कुछ ऐसा ही दिखाई दे रहा है। जिस आकाश आनंद को कुछ समय पहले मायावती ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था, आज वही आकाश आनंद फिर बसपा में लौट आए हैं और उन्हें दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बना दिया गया है। ऊपर से कहानी इतनी–सी है कि भतीजे ने माफी मांगी, बुआ ने माफ कर दिया और परिवार फिर एकजुट हो गया। लेकिन यूपी की राजनीति में कहानी इतनी सीधी होती तो फिर राजनीति किस बात की?असल सवाल यह है कि मायावती ने आकाश आनंद को वापस क्यों बुलाया और वापस बुलाकर उन्हें राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी ही क्यों दी? क्या यह आकाश पर भरोसा है, या फिर उस राजनीतिक संभावना को रोकने की कोशिश है जो उनके बाहर जाने के बाद पैदा हो रही थी?याद कीजिए, जब मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से बाहर किया था तो वह राजनीति में अकेले नहीं रह गए थे। उनके लिए दूसरे दलों के दरवाजे खुलने लगे थे। चंद्रशेखर आजाद ने उनके लिए जगह होने की बात कही। अखिलेश यादव से जब आकाश को समाजवादी पार्टी में लेने की संभावना पर सवाल हुआ तो उन्होंने भी दरवाजा बंद नहीं किया। निषाद पार्टी की तरफ से न्योता आया। यानी जिस भतीजे को मायावती ने बसपा से बाहर कर दिया था, उसे दूसरे राजनीतिक दल अपने यहां जगह देने के लिए तैयार दिख रहे थे। यहीं से मायावती के लिए असली खतरा पैदा होता था। क्योंकि बात सिर्फ यह नहीं थी कि आकाश आनंद किसी दूसरी पार्टी में चले जाते। असली खतरा यह था कि अगर वह किसी दूसरे दल में जाकर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार कर लेते, युवा दलितों के बीच अपनी पहचान बना लेते और धीरे–धीरे मायावती से अलग अपना एक स्वतंत्र राजनीतिक वजूद खड़ा कर लेते, तो फिर भविष्य में वह सिर्फ "मायावती के भतीजे" नहीं रहते। वह अपने आप में एक राजनीतिक ब्रांड बन सकते थे। यही वह चीज है जो शायद मायावती को सबसे ज्यादा खटकती।देखा जाये तो बसपा पहले ही उत्तर प्रदेश की राजनीति में लगातार कमजोर हुई है। कभी जिस पार्टी के बिना यूपी की सत्ता का गणित पूरा नहीं होता था, वह आज विधानसभा और लोकसभा चुनावों में एक सीट जीतने की जद्दोजहद करती दिखाई देती है। 2019 में बसपा को उत्तर प्रदेश में करीब 19 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में उसका वोट शेयर 10 प्रतिशत से भी नीचे चला गया। इस बीच दलित राजनीति के मैदान में चंद्रशेखर आजाद जैसा नया चेहरा भी उभरा है। यानी बसपा के सामने चुनौती सिर्फ भाजपा या सपा–कांग्रेस गठबंधन की नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक जगह की भी है जिसे कभी बसपा अपना स्थायी इलाका मानती थी। ऐसे माहौल में अगर मायावती का भतीजा पार्टी से निकलकर किसी दूसरे दल में चला जाता और वहां अपनी अलग पहचान बनाने लगता, तो बसपा के लिए मामला और मुश्किल हो सकता था। क्योंकि मायावती के पास अपना मजबूत कोर वोट बैंक भले अभी भी मौजूद हो, लेकिन चुनावी राजनीति में सिर्फ कोर वोट बैंक होना और चुनाव जीतने की स्थिति में होना दो अलग–अलग बातें हैं। मुमकिन है कि मायावती ने इसी खतरे को भांप लिया हो। उन्हें लगा हो कि अगर आकाश दूसरे दल में चले गए और वहां युवा दलित राजनीति का नया चेहरा बन गए तो बसपा के सामने सिर्फ एक नेता के जाने का संकट नहीं होगा, बल्कि नेतृत्व की अगली पीढ़ी का विकल्प भी पार्टी के बाहर तैयार हो जाएगा। बसपा अगर अभी शून्य पर खड़ी दिखाई दे रही है तो आकाश का किसी दूसरे राजनीतिक मंच पर जाकर मजबूत होना इस शून्य को डबल शून्य में बदल सकता है। इसलिए भतीजे को वापस बुलाना जरूरी समझा गया। लेकिन यहां कहानी में एक और पेंच है। आकाश को सिर्फ वापस नहीं बुलाया गया, उन्हें राष्ट्रीय संयोजक बना दिया गया। सुनने में यह बड़ा सम्मान है, लेकिन राजनीति में हर सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी आती है। आकाश को अब जो जिम्मेदारी मिली है, वह आसान नहीं है। खासकर तब, जब सामने 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव खड़ा है। अब अगर बसपा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती है तो मायावती की रणनीति सफल कही जाएगी और आकाश आनंद को इसका फायदा भी मिलेगा। लेकिन अगर बसपा का प्रदर्शन फिर कमजोर रहा तो सवाल सिर्फ मायावती से नहीं होगा। सवाल आकाश से भी होगा। आखिर राष्ट्रीय संयोजक किसलिए बनाए गए थे? संगठन को मजबूत करने के लिए या सिर्फ पद की शोभा बढ़ाने के लिए? युवा वोटरों को बसपा से जोड़ने की जिम्मेदारी किसकी थी? चुनावी रणनीति को जमीन पर उतारने का काम कौन कर रहा था? यानी मायावती ने आकाश को वापस लाकर उन्हें एक ऐसी जिम्मेदारी दे दी है जिसमें सफलता का श्रेय तो मिलेगा ही, लेकिन असफलता का ठीकरा भी सिर पर फूट सकता है। यही वह जगह है जहां सवाल उठता है कि कहीं यह आकाश आनंद की राजनीतिक ब्रांड वैल्यू को मजबूत करने की बजाय धीरे–धीरे खत्म करने की रणनीति तो नहीं? क्योंकि मान लीजिए 2027 में बसपा फिर चुनावी तौर पर कोई खास कमाल नहीं कर पाती। तब आकाश आनंद के पास क्या बचेगा? वह किसी दूसरी पार्टी में जाकर यह भी नहीं कह सकते कि उन्हें बसपा में मौका नहीं मिला था। मौका मिला, राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया, संगठन की जिम्मेदारी दी गई और फिर भी पार्टी चुनाव नहीं जीत सकी। ऐसे में दूसरे दलों के लिए आकाश को अपने साथ लेना उतना आकर्षक नहीं रह जाएगा।यानी जिस समय वह बसपा से बाहर थे, उस समय दूसरे दल उन्हें अपने यहां लाने की संभावनाएं तलाश रहे थे। लेकिन अब वह बसपा के राष्ट्रीय संयोजक हैं। अगर बसपा फिर कमजोर प्रदर्शन करती है तो वही दूसरे दल शायद यह सोचें कि जिस नेता को अपनी पार्टी संभालने का मौका मिला और वह उसे नहीं उठा पाया, उसे अपने यहां लाकर क्या हासिल होगा? देखा जाये तो राजनीति में इसे बहुत बारीक तरीके से समझना होगा। मायावती ने आकाश को बाहर जाने से तो रोक लिया, लेकिन साथ ही उन्हें बसपा की किस्मत से बांध भी दिया। अब आकाश की राजनीतिक कामयाबी और बसपा की राजनीतिक कामयाबी एक–दूसरे से अलग नहीं रह सकतीं। इसके अलावा, यहां एक सवाल मायावती से भी पूछा जाना चाहिए। मायावती की राजनीति की सबसे बड़ी पहचान ही परिवारवाद के खिलाफ लड़ाई रही है। कांशीराम ने परिवार की राजनीति नहीं की। उन्होंने मायावती जैसे कार्यकर्ता को आगे बढ़ाया। मायावती ने भी लंबे समय तक यही संदेश दिया कि बसपा किसी एक परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि बहुजन समाज की पार्टी है। लेकिन अब पिछले कुछ समय से बसपा के भीतर परिवार के सदस्यों की भूमिका लगातार चर्चा में है। आकाश आनंद को पहले आगे किया गया। फिर हटाया गया। ईशान आनंद को जिम्मेदारी मिली। फिर आकाश को वापस लाया गया। दीपिका आनंद के नाम की चर्चा भी सामने आई। कभी कहा गया कि परिवार के किसी सदस्य को राजनीतिक पद नहीं दिया जाएगा और फिर घटनाक्रम कुछ ही समय में दूसरी दिशा में जाता दिखाई दिया। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर बसपा में परिवार के बाहर नेतृत्व का विकल्प क्यों नहीं दिखाई देता? मायावती दूसरी पार्टियों में परिवारवाद पर सवाल उठाती रही हैं। समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगाने में वह कभी पीछे नहीं रहतीं। लेकिन जनता यह भी देखती है कि अपनी पार्टी के भीतर नेतृत्व की अगली कतार में कौन खड़ा है? यहां मामला सिर्फ आकाश आनंद का नहीं है। सवाल यह है कि क्या बसपा में मायावती के बाद कोई ऐसा गैर–पारिवारिक चेहरा नहीं है, जिसे राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी जा सके? क्या पार्टी में दशकों से काम कर रहे किसी दलित, पिछड़े, गरीब या वंचित कार्यकर्ता में नेतृत्व की संभावना नहीं बची? अगर है, तो फिर बार–बार परिवार के सदस्यों की तरफ ही क्यों देखा जा रहा है? देखा जाये तो यूपी की राजनीति में जनता बहुत कुछ भूल सकती है, लेकिन विरोधाभास जल्दी नहीं भूलती। अगर दूसरी पार्टियों के परिवारवाद को मायावती राजनीतिक अपराध मानती हैं तो फिर बसपा में परिवार के सदस्यों की बढ़ती भूमिका पर भी सवाल उठेंगे। सवाल सिर्फ विरोधियों की तरफ से नहीं उठेंगे, बसपा के भीतर भी उठेंगे।उधार, आकाश आनंद के लिए भी अब मामला आसान नहीं है। उन्हें राष्ट्रीय संयोजक की कुर्सी जरूर मिल गई है, लेकिन यह कुर्सी फूलों की नहीं, कांटों की है। अब उन्हें यह साबित करना होगा कि वह सिर्फ मायावती के भतीजे नहीं हैं। उन्हें यह दिखाना होगा कि वह संगठन खड़ा कर सकते हैं, युवा दलित मतदाताओं को जोड़ सकते हैं और बसपा को उस राजनीतिक जमीन पर वापस ला सकते हैं, जहां से पार्टी लगातार खिसकती चली गई है। बहरहाल, बुआ ने भतीजे को घर तो वापस बुला लिया, लेकिन अब उसके हाथ में पूरे घर का हिसाब–किताब पकड़ा दिया है। घर बचा तो भतीजे का कद बढ़ेगा और घर डूबा तो सवाल भी उसी से होगा।



सम्पादकीय

विपक्षी खेमों से लगातार शक

जिस प्रक्रिया से 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, उस पर तीन में से दो निर्वाचन आयुक्तों का भी भरोसा नहीं रहा, तो नई मतदाता सूची की क्या विश्वसनीयता होगी?मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को जिस तरह आगे बढ़ाया गया, उस पर निर्वाचन आयोग के भीतर गहरे मतभेद थे। निर्वाचन आयुक्तों एस.एस. संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों के दौरान 14 बार अपनी गंभीर आपत्तियां दर्ज कराईं। एक अंग्रेजी अखबार की खोजी रिपोर्ट के मुताबिक इन आपत्तियों के तहत उन दोनों सदस्यों ने मतदाता सूची से नाम काटने और जोड़ने में मामले में उनको अंधेरे में रखने, नए वोटरों को जोड़ने की श्अनधिकृत्य प्रक्रिया अपनाने, तथा राज्यों के अधिकारियों को नजरअंदाज करते हुए सारे अधिकार श्दिल्ली में केंद्रित्य करने की शिकायत की। उन्होंने वोटर सॉफ्टवेयर की साख पर चिंता जताई। यहां तक कि अपनी शिकायतों को लेकर उन्होंने कैबिनेट सचिव का दरवाजा खटखटाया। रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि एसआईआर को लेकर सार्वजनिक दायरों में जो संदेह और एतराज हैं, उन्हें आयोग के अंदर भी जताया गया। निर्वाचन आयोग के अंदर मतभेद के मामले पहले भी सामने आए हैं, लेकिन जिस स्तर पर एसआईआर के मामले में हुआ, वह अभूतपूर्व है। इसका अर्थ है कि सबकी आपत्तियों को ठुकराते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुल्डोजरी अंदाज में इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। ऐसा वे कैसे कर पाए और इसके लिए उन्हें कहां से ताकत मिली, इस पर अब स्वाभाविक कयास लगाए जाएंगे। जिस प्रक्रिया से 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, कई जगहों पर सॉफ्टवेयर की गड़बड़ी से वैध नाम काटने के तथ्य सामने आए, और नए वोटर शामिल करने की प्रक्रिया पर विपक्षी खेमों से लगातार शक जताए गए, उस पर तीन में से दो निर्वाचन आयुक्तों का भी भरोसा नहीं रहा, तो आखिर नई मतदाता सूची की क्या विश्वसनीयता रहेगी? और क्या इनके आधार पर होने वाले चुनावों पर आम जन का यकीन बना रहेगा? ये अत्यंत गंभीर प्रश्न हैं। इसलिए इस पूरी मशक्कत को पलटने की जरूरत है। नई सूची रद्द कर पुरानी सूची अविलंब बहाल की जानी चाहिए। एसआईआर अगर जरूरी है, तो अब यह अनिवार्य हो गया है कि पहले इसकी प्रक्रिया पर सबको भरोसे में लेकर इसे दोबारा संपन्न किया जाए।

सेवा की कहानी नोनी सुरक्षा योजना से खिरमेन को बच्चों के भविष्य का मिला भरोसा

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मिली योजना की जानकारी, आवेदन कर योजना से जुड़ीं खिरमेनआर्थिक सुरक्षा की उम्मीद से बच्चों के भविष्य को लेकर कम हुई चिंतासही जानकारी और योजनाओं तक पहुंच से परिवारों को मिल रहा सामाजिक–आर्थिक संबल सेवा संकल्प अभियान के तहत श्सेवा की कहानीच्च में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से परिवारों को मिल रहे सामाजिक एवं आर्थिक संबल की तस्वीर सामने आ रही है। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कतकालो निवासी श्रीमती खिरमेन यादव के लिए नोनी सुरक्षा योजना बच्चों के भविष्य को लेकर आर्थिक सुरक्षा का भरोसा लेकर आई है। योजना की जानकारी उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से मिली। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर योजना के लिए आवेदन किया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जानकारी से योजना तक पहुंच आसान हुईखिरमेन यादव बताती हैं कि पहले उन्हें नोनी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी नहीं थी। आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता ने उन्हें योजना के प्रावधानों, मिलने वाले लाभ और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यकर्ता के मार्गदर्शन से उन्होंने आवश्यक फॉर्म भरकर योजना के लिए आवेदन किया। समय पर मिली जानकारी उनके लिए शासन की योजना तक पहुंचने का माध्यम बनी।बच्चों के भविष्य को लेकर अब मिला आर्थिक सुरक्षा का भरोसायोजना से जुड़ने के बाद खिरमेन को अपने बच्चों के भविष्य से जुड़ी जरूरतों को लेकर भरोसा मिला है। उनका कहना है कि आने वाले समय में योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने और परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में सहायक होगी। इससे बच्चों के भविष्य को लेकर उनकी चिंता पहले की तुलना में कम हुई है।खिरमेन यादव कहती हैं कि आंगनबाड़ी दीदी से नोनी सुरक्षा योजना की जानकारी मिली। इसके बाद फॉर्म भरकर योजना के लिए आवेदन किया। अब भरोसा है कि भविष्य में मिलने वाली सहायता बच्चों के काम आएगी।योजना की जानकारी से परिवारों तक पहुंच रहा लाभ आंगनबाड़ी केंद्र महिलाओं और बच्चों को पोषण एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ पात्र परिवारों तक शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। खिरमेन यादव की कहानी बताती है कि सही समय पर मिली जानकारी परिवारों को योजनाओं से जोड़ने और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा का भरोसा देने में महत्वपूर्ण कड़ी बन सकती है।

नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी और भारत के विकास का अगला चरण

श्रीमती निर्मला सीतारमण

विकसित भारत बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल–फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। नेक्स्ट– जेनरेशन का जीएसटी नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट–जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थीरू कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूँ। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है।इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर–योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ–साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है।यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल–सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6 प्रतिशत अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गईय इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15 प्रतिशत की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ–साथ हुई है।इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर–योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाजारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग, निवेश तथा रोजगार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है।सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैंरू परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है।लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाजार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोजगार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता हैय और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक हैं। अप्रैल–जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर–3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैंरू नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इनपुट टैक्स क्रेडिट की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार–उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर–योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है।कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल–सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है।

राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल–सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। इस प्रकार, ये लाभ एक–दूसरे को सशक्त बनाते हैंरू परिवारों को मिलने वाली राहत मांग को बढ़ावा देती है, उद्यम आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करते हैं, और सार्वजनिक राजस्व विकास को निरंतर बनाए रखने में सहायक होता है।

यह अनुभव भविष्य में किए जाने वाले कार्यों को भी रेखांकित करता है। एक विकासशील प्रणाली को इस बात के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए कि छोटे प्रतिभागियों पर इसका कितना आर्थिक व समय संबंधी भार पड़ता है। उनका समय और संसाधन सीमित होते हैं। रिटर्न दाखिल करने, क्रेडिट या रिफंड की व्यवस्था में प्रत्येक सुधार से ऐसे संसाधनों की अधिक से अधिक बचत होनी चाहिए, ताकि उनका उपयोग व्यवसाय के संचालन और विस्तार में किया जा सके।

जीएसटी परिषद के समक्ष रखे जाने वाले प्रस्ताव राज्यों के साथ निरंतर विचार–विमर्श

आज का राशिफल

मेष राशि

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। मित्र और सहकर्मी आज आपके प्रयासों में आपका सहयोग करेंगे। आपको अपने कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृष राशि

आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा,

मिथुन राशि–

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज बेटी के करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क राशि

आज का दिन कार्य क्षेत्र में अच्छा लाभ दिलाने वाला है। संतान की चिंता कम होगी, अच्छी जॉब लगने से घर में उत्सव सा माहौल बना रहेगा। नया वाहन खरीदने की उत्सुकता आपके मन में रहेगी।

सिंह राशि

आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। किसानों को अपने श्रम का अच्छा लाभ मिलेगा।

कन्या राशि

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। विद्यार्थियों को करियर का चुनाव के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे।

तुला राशि

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अधिकारियों के सहयोग से ऑफिस के रुके काम में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि

आज आपको करियर में नई ऊंचाइयां मिलेंगी। बिजनेस के लिहाज से दिन बेहतर होगा। आज आपके परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

धनु राशि

आज आपका दिन कान्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपका मनचाहा काम पूरा होने का योग बन रहा है। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढ़ेगा।

मकर राशि

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों की मदद मिलेगी, जिससे दोस्ती में मिठास बढ़ेगी।

कुंभ राशि

आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे दूर रहेंगे। आज आप किसी नए विषय पर घरवालों से चर्चा करेंगे, आपके विचारों से लोग सहमत होंगे।

मीन राशि–

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अपनी मनपसंद की कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 07 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

मतदाता सूची व चुनाव प्रक्रिया को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची व चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अयोध्या में जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी पार्क से बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कचहरी की ओर रवाना हुए। सांसद अवधेश प्रसाद ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जिला एवं महानगर द्वारा आयोजित पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं के अधिकार प्रभावित किए जा रहे हैं। पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मतदाता सूची से जुड़े मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की मांग उठाई। इसके बाद कलेक्ट्रेट गेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सांसद अवधेश प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह राम मंदिर के चंदे को लेकर सवाल उठे हैं, उसी तरह वोटों की चोरी का सवाल भी सामने आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त भाजपा के साथ मिलकर वोटों की चोरी करवा रहे हैं। अवधेश प्रसाद ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाया जाए अथवा वह स्वयं इस्तीफा दें। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन पांडे' ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटता है तो उसके मतदान के अधिकार पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर उठ रहे सवालों का निर्वाचन आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का मत समान रूप से महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची से जुड़े किसी भी संशोधन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार पर असर न पड़े। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी 'रुश्दी मियां' ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव की निष्पक्षता पर जनता का विश्वास सर्वोपरि है। मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का निर्वाचन आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने कहा, "मताधिकार की रक्षा लोकतंत्र की पहली शर्त है, वोट की चोरी के खिलाफ समाजवादी पार्टी का संघर्ष जनहित में निर्णायक लड़ाई है।" सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि पार्टी का 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' मतदाताओं के अधिकार और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े सवालों को जनता के बीच ले जाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव–गांव और बूथ स्तर तक जाकर मतदाता सूची की स्थिति की जानकारी लेंगे और पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने के लिए आवाज उठाएंगे। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। निर्वाचन आयोग को जनता के बीच उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में सात दिवसीय 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' का ऐलान किया है। अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची, मतदान के अधिकार और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय करने की बात कही गई है। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर प्रमुख रूप से अजीत प्रसाद,हाजी फिरोज खान गब्बर, लौटन राम निषाद,राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप,नि0 महासचिव बख्तियार खान,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीशम,शावेज जाफरी एडवोकेट,मो0 अली, रामसागर वर्मा, चौधरी शहरयार, रिजवान रसूल,राम अचल यादव, छोटेलाल यादव, मो0 हलीम पप्पू,मो0 कमर राईन,अंसार अहमद, एजाज अहमद,रक्षाराम यादव, पृथ्वीराज यादव, सियाराम निषाद, छोटेलाल यादव, राजू वर्मा, विकास सिंह छोटू, श्रीचंद यादव, दिवाकर कनौजिया, शुभम वर्मा, शोयब खान, विजय बहादुर वर्मा, रत्नेश जायसवाल,सूरज, वर्मा, के पी सिंह, लालबहादुर शुक्ला,आशीष पांडेय दीपू,रिहान खा, अजय मिश्रा, जगत नारायण, यादव, हरिशंकर यादव,स्वामी नाथ वर्मा, सरोज यादव,विद्याभूषण पासी,संतोष यादव,जितेंद्र यादव, स्नेहलता निषाद, नन्हकन यादव, अनुराग सिंह,मो सुहैल,सुरेंद्र पाल,निर्मल वर्मा,राजन यादव, दानु यादव,नरेंद्र यादव, वसी हैदर गुड्डू,मुलायम यादव,गोविंद यादव,शारिब हुसैन,अमृत राजपाल,आकिब खा,अनस खान,उमाशंकर पाल, हरिनाथ यादव,गोविंद यादव ,मो सरकार, इन्द्रसेन यादव, प्रवीण कुमार शुभम वर्मा, राम नेवाज यादव, वीरेंद्र कुमार गौतम, गुलाब सिंह यादव, सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता, पदाधिकारी, व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री ने नारायण संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

अयोध्या। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच किसी तरह का विरोध नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के साथ आधुनिक ज्ञान–विज्ञान में भी दक्ष बने। विद्यार्थी संस्कृत के श्लोक समझने के साथ कंप्यूटर कोड पढ़ने और नई तकनीक को समझने की क्षमता भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य का निर्माण करना होगा। उक्त विचार रक्षा मंत्री सोमवार को रानोपाली स्थित उदासीन ऋषि आश्रम में आयोजित गुरु पर्व समारोह और संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन किया। आश्रम पहुंचने पर संतों की समाधियों पर पूजन–अर्चन किया। उन्होंने नारायण संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में वैदिक गणित पढ़ाई जाती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में भी वैदिक गणित की शिक्षा शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा का व्यापक आधार है। वेद, उपनिषद, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, गणित, ज्योतिष, साहित्य और न्याय जैसी ज्ञान परंपराएं संस्कृत से जुड़ी रही हैं। इसलिए संस्कृत शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक होने का मतलब केवल नई तकनीक का इस्तेमाल करना या अंग्रेजी बोलना नहीं है। आधुनिक सोच का वास्तविक अर्थ बदलती परिस्थितियों और नई चुनौतियों को समझने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नारायण संस्कृत महाविद्यालय से ऐसे विद्यार्थी निकलें, जो न्याय और मीमांसा जैसे विषयों का अध्ययन करने के साथ आधुनिक समाज की समस्याओं को भी समझ सकें। राजनाथ सिंह ने संत और गुरु की भूमिका को व्यक्ति के आंतरिक विकास से जोड़ा। उन्होंने कहा कि संत व्यक्ति को भीतर की शांति का अनुभव कराते हैं, जबकि गुरु उस शांति तक पहुंचने का मार्ग दिखाते हैं। दोनों का उद्देश्य मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान और भ्रम से स्पष्टता की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि उदासीनता का अर्थ संसार से विमुख होकर भाग जाना नहीं, बल्कि सांसारिक मोह से मुक्त होकर समाज की सेवा करना है। अयोध्या को उन्होंने केवल भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि भारतीय चेतना और संस्कृति का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या अपने प्राचीन गौरव की ओर आगे बढ़ रही है और इसमें संत समाज का योगदान महत्वपूर्ण है। राजनाथ सिंह ने उदासीन ऋषि आश्रम के महंत डॉ. भरत दास महाराज, संतों, ब्रह्मचारियों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताते हुए आश्रम की निरंतर प्रगति की कामना की।

सीवर लाइन के लिए खुदाई में लापरवाही से बढ़ रही नाराजगी

-केन्द्रीय दुर्गापूजा रामलीला समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से समस्याओं को कराया अवगत

अयोध्या । केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति और नगर के तमाम दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारीगण शहर के मुख्य मार्ग और गलियों में जल निगम द्वारा सीवर लाइन के लिए किए जा रहे खुदाई में लापरवाही बरतने से नाराज है। 11अक्टूबर से दुर्गापूजा शुरू हो जाएगा लेकिन विभाग की लापरवाही लोगो के लिए जानलेवा बन सकती है। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि पर्व शुरू होने में मात्र 5 दिन शेष बचे है लेकिन जलनिगम के सीवर और जलकल विभाग द्वारा नाका से चौक की सड़कों को तहस नहस करके भीषण समस्याओं का अम्बार खड़ा कर दिया गया है। दुर्दशा यह है कि विभाग द्वारा सीवर के लिए सड़क खोद कर उसी हाल छोड़ दिया जा रहा है, जिससे भयंकर ट्रैफिक जाम लग रहा है। बारिश होने से तमाम जगह मिट्टी बैठ गई और उसमें लोगो की गड़िया फंस कर गिर रही है। दर्जनों राहगीर चोटिल हो चुके है लेकिन जल निगम के अधिकारियों की आंख नहीं खुल रही है।मौके पर ना तो पुलिस या ट्रैफिक सिपाही मोर्चा सम्हाले ना ही जल निगम द्वारा ही कोई बैरिकेटिंग किया गया। निगम के अधिकारियों से कई बार कहा गया की दुर्गा पूजा के पर्व को देखते हुए कोई भी नई खुदाई त्योहार संपन्न होने के बाद ही करें लेकिन इनके द्वारा अब दुर्गापूजा और रामलीला के आयोजन पर ही संकट खड़ा कर दिया गया है। चौक नाका मुख्य मार्ग के अलावा तमाम गलियों में पूजा पंडालों के पास खुदाई कर दिया गया जिससे उनके आयोजन में तमाम समस्याएं खड़ी हो गई है। ना तो सजावट के लिए बल्लियां लग पा रही है और ना ही इस स्थिति में उनके पंडालों तक माता की प्रतिमा के वाहन ही सुरक्षित रूप से पहुंच पाएंगी। ऐसे में कोई हादसा होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी जल निगम के अधिकारियों की होगी केंद्रीय समिति उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत करा चुकी है। केंद्रीय समिति ने सभी दुर्गापूजा के पदाधिकारियों को कहा है कि त्यौहार संपन्न होने तक अब कही भी नई खुदाई ना होने दे। केंद्रीय समिति के जल निगम प्रभारी अखिलेश पाठक ने कहा कि अगर 2 दिन के अंदर समस्याओं को ठीक नहीं किया गया तो पूजा समितियां धरना देने की तैयारी कर रही है।

वडनगर से काशी की यात्रा में अयोध्या बना सेवा-संकल्प का पड़ाव

अयोध्या। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान गुजरात के वडनगर से काशी के लिए निकली यात्रा रविवार देर शाम अयोध्या महानगर की सीमा में पहुंची। गरुण द्वार पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। वैश्य विनोद जायसवाल ने यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए। रीडगंज में मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद बिरला मंदिर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन किया। सोमवार सुबह कच्चा घाट अयोध्या और लता चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया गया और युवा कार्यकर्ताओं तथा लाभार्थियों से संवाद किया गया। यात्रा के दौरान दशरथ पथ स्थित रामपुर हलवारा के किष्किंधा वन में 251 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद यात्रा को पूराबाजार से आगे के लिए रवाना किया गया। यात्रा में प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर महामंत्री आकाश सिंह, सार्थक तिवारी, अभिलाष पाण्डेय, यश पाठक, विकास गुप्ता, आयुष पाण्डेय, शुभेंद्र सिंह, ज्वाला सोनी, कौशिक जीवनी, रवि सोनकर, अश्वनी गुप्ता, गणेश मिश्र, कपिल देव वर्मा, साहिल गुप्ता, दीपक चौधरी, अतुल मिश्र, आशुतोष श्रीवास्तव, लवकुश यादव, अभिषेक शुक्ला, अमन तिवारी बिट्टू, पार्षद अंकित त्रिपाठी, विशाल वैश्य सहित युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं होटल सार्वथिया सेवा सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में गुजरात भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री डॉ. भाविन राजेश शिरोया ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से युवाओं को सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गुजरात के वडनगर से शुरू हुई यात्रा का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं और युवाओं के बीच सेवा भाव को मजबूत करना है। अयोध्या में यात्रा के दौरान धार्मिक दर्शन के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि अभियान में केवल यात्रा और धार्मिक स्थलों के दर्शन ही नहीं, बल्कि समाज के बीच जाकर सेवा कार्य करने पर भी जोर दिया जा रहा है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गुजरात से अयोध्या पहुंची सेवा संकल्प यात्रा का कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और सामाजिक चेतना की भूमि भी है। यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान, जरूरतमंदों के बीच फल वितरण और पौधरोपण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन इसी भावना को आगे बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यात्रा के स्वागत में महानगर के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। उन्होंने बताया कि बिरला मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का स्वागत किया।

शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर 6 जोनल व 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट किये तैनात

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निर्वाचन–2026 के लिए मतदान 23 अक्टूबर .2026 को होना आयोग द्वारा नियत किया गया है। मतदान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु निम्न अधिकारियों को जोनलध्सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जोन मुख्यालय तहसील सोहावल में मुख्य राजस्व अधिकारी गजेन्द्र (9958520967) को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है तथा इनके साथ 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 140–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन सोहावल व मतदेय स्थल 141–क्षेत्र पंचायत कार्यालय विकास खण्ड मसौधा में लगाया गया है। इसी तरह तहसील मिल्कीपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट (9415165373) को जोनल मजिस्ट्रेट तथा इनके साथ 03 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 142–क्षेत्र कार्यालय भवन मिल्कीपुर, मतदेय स्थल 143–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन अमानीगंज व मतदेय स्थल 144–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन हरिग्टनगंज में लगाया गया है। तहसील बीकापुर में अपर जिलाधिकारी का0ध्य0 इन्द्राकान्त द्विवेदी (9411071925) को जोनल मजिस्ट्रेट तथा इनके साथ 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 145–क्षेत्र कार्यालय भवन बीकापुर व मतदेय स्थल 146–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन तारुन में

लगाया गया है। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी नगर दिनेश (9454416100) को जोनल मजिस्ट्रेट तथा इनके साथ 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 147–नगर निगम कार्यालय भवन फैजाबाद, मतदेय स्थल 148–मनोहर लाल मोती लाल इंटर कॉलेज रिकाबगंज फैजाबाद, मतदेय स्थल 149–बापू बालिका इंटर कॉलेज फैजाबाद व मतदेय स्थल 150–नगर निगम कार्यालय भवन अयोध्या में लगाया गया है। ब्लाक कार्यालय पूरा बाजार में उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर पवन कुमार शर्मा (9454416105) को जोनल मजिस्ट्रेट तथा इनके साथ 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 151–क्षेत्र कार्यालय भवन पूरा बाजार व मतदेय स्थल 152–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन मयाबाजार में लगाया गया है। तहसील रूदौली में उपजिलाधिकारी रूदौली विनोद कुमार गुप्ता (9454416122) को जोनल मजिस्ट्रेट तथा इनके साथ 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवंटित मतदेय स्थल 153–क्षेत्र कार्यालय भवन रूदौली व मतदेय स्थल 154–क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन मवई में लगाया गया है। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को रिजर्व रखा गया है।

विद्युत तारों के नीचे न बनाएं दुर्गा पूजा पंडाल, विद्युत विभाग ने समितियों से की अपील

मिल्कीपुर–अयोध्या। आगामी दशहरा एवं दुर्गा पूजा को लेकर विद्युत विभाग ने दुर्गा पूजा समितियों से विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है। विद्युत वितरण उपखंड कुमारगंज के उपखंड अधिकारी रिजवान सिद्दीकी की ओर से क्षेत्र की दुर्गा पूजा समितियों को अनुरोध पत्र जारी किया गया है। इसमें पूजा पंडालों का निर्माण विद्युत लाइनों और तारों के नीचे अथवा उनके अत्यधिक निकट नहीं करने की सलाह दी गई है। उपखंड अधिकारी ने पत्र में कहा है कि आगामी दशहरा एवं दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से पूजा पंडाल का निर्माण किसी भी विद्युत लाइन या विद्युत तार के नीचे नहीं किया जाए। साथ ही पंडाल को विद्युत तारों से पर्याप्त दूरी पर बनाया जाए। पंडाल निर्माण के दौरान विद्युत सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंचते हैं। ऐसे में विद्युत तारों के संपर्क में आने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूजा समितियों को पहले से ही सावधानी बरतना जरूरी है। विभाग की ओर से जारी अनुरोध पत्र का उद्देश्य पूजा आयोजन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। उपखंड अधिकारी रिजवान सिद्दीकी ने यह भी कहा कि मां दुर्गा की पूजा–अर्चना में किसी प्रकार का विघ्न न हो, इसके लिए विद्युत विभाग की ओर से क्षेत्र में निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने पूजा समितियों एवं आम लोगों से विद्युत विभाग का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के चार अवर अभियंताओं (जेई) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने क्षेत्र में स्थापित होने वाले दुर्गा पूजा पंडालों की समितियों को विभाग की ओर से जारी अनुरोध पत्र उपलब्ध कराएं। करीब दो दर्जन दुर्गा पूजा समितियों को पत्र के माध्यम से सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। अनुरोध पत्र की प्रतिलिपि उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल अयोध्या तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर को भी सूचना के लिए प्रेषित की गई है।

विभाग का कहना है कि विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता और समितियों के एसहयोग से दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सकेगा।

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का जनजागरण अभियान

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'वोट चोरी' के खिलाफ जनजागरण अभियान के तहत आज मया ब्लाक में धरना दिया, धरने के पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर लोगों को मतदाता अधिकारों एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के बीच जाकर मतदाता सूची, मताधिकार और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर जनजागरण कर रही है। उन्होंने कहा, "वोट चोरी सिर्फ एक चुनावी घोटाला नहीं, ये संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया बड़ा धोखा है। देश के गुनहगार सुन लें–वक्त बदलेगा, सजा जरूर मिलेगी। जिला अध्यक्षचेतनारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव, मोहल्ले और बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, मनोज जायसवाल एवं अनिल तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह अभियान किसी भी नागरिक के मताधिकार को प्रभावित किए जाने की आशंका से जुड़े सवालों को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से उठाने के लिए है। पार्टी की मांग है कि मतदाता सूची से नाम हटाने और जोड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो तथा पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार से वंचित न होना पड़े। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर जनजागरण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और संविधान में प्रदत्त मताधिकार की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाती रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक कुमार सिंह मनऊपुर,दयाशंकर तिवारी, हृदय नारायण मिश्र, रमेश कोरी, राज प्रताप सिंह,रामसागर रावत, रमाशंकर तिवारी, सौरभ सिंह, आशीष गुप्ता, अहमद कुरेशी,शकील रहमानी, मोहम्मद कादरी, राज सैनी, विजय गुप्ता, धीरेंद्र उपाध्याय आदि प्रमुख लोग रहे।

भव्य होगा 10वां दीपोत्सव, 33 लाख दीपों से जगमगाएगी रामनगरी

अयोध्या। दीपों की कतारें, रोशनी से जगमगाते मंदिर और सरयू तट पर आस्था का अद्भुत नजारा– अयोध्या एक बार फिर भव्य दीपोत्सव की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष 10वां दीपोत्सव पांच से सात नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। राम की पैड़ी सहित करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में 33 लाख मिट्टी के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रशासन और संबंधित विभागों की तैयारियां तेज हो गई हैं। दीपों की निर्बाध रोशनी के लिए 65 लाख बातियों और 55 हजार लीटर तेल की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही दीप प्रज्वलन में इस्तेमाल होने वाली टी–शर्ट, मोमबत्ती, 150 किलो कपूर समेत अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर पांच टेंडर जारी किए गए हैं, जिनमें दीप–सामग्री, स्टेज निर्माण, सजावट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद की ओर से इस बार भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन कराया जाएगा। राम की पैड़ी पर विशेष स्टेज तैयार किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दीपों से सजे घाट और रोशनी से नहाए प्रमुख मंदिर अयोध्या धाम की भव्यता को और बढ़ाएंगे। प्रमुख मंदिरों की एलईडी सजावट की तैयारियां भी आगे बढ़ रही हैं। सरयू तट से लेकर विभिन्न घाटों तक रोशनी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। दीपों और रोशनी से सजी रामनगरी आस्था के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत और विकास की तस्वीर भी प्रस्तुत करेगी। दीपोत्सव को सफल बनाने में इस बार 34 हजार वालंटियर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये स्वयंसेवक दीप प्रज्वलन, व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखेंगे। आयोजन में शामिल होने वाले 34 हजार छात्रों के खान–पान की भी व्यवस्था की जा रही है। इससे युवा पीढ़ी को भी इस भव्य आयोजन से जुड़ने और दीपोत्सव का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इस बार दीपोत्सव को पहले से अधिक भव्य और व्यवस्थित बनाने के साथ सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में दीपों की पंक्तियों, फूलों की सजावट और प्रकाश व्यवस्था की तैयारियां की जा रही हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह दीपोत्सव धार्मिक आयोजन के साथ–साथ अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण है। लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही आवश्यक सामग्री की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। वालंटियरों के प्रशिक्षण और छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।दीपोत्सव अब अयोध्या की पहचान बन चुका है और हर वर्ष देश–विदेश में इसकी चर्चा होती है।

पांच दिन पूर्व हुई घटना में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव मजनावां के मजरे कुंडौली में पांच दिन पहले 30 सितम्बर की शाम 6 बजे हुई इस वारदात की तहरीर उसी दिन पुलिस को दी गई थी। कार्रवाई की जगह पुलिस टालमटोल कर रही है। आरोप है कि बीते बुधवार की शाम निषाद पार्टी के नेता अरुणाकर पांडेय के पुत्र अंश और भतीजा अनुभव पाण्डेय बाइक से संजयगंज बाजार से सामान खरीदारी के साथ यहीं की शराब की दुकान की बिक्री का पैसा लेकर घर जा रहे थे। जुगवापुर के पास 7–8 लोगों ने पेशबंदी करके बाइक के पहिए में डंडा डालकर गिरा दिया लाठी डंडों से पिटाई कर बैग में रखे 71945 रुपये लूट कर अपने वाहनों से फरार हो गए। घटना की शिकायत थाने में उसी दिन की गई। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने की जगह हीला हवाली का रास्ता अपनाया और अब तक रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की। आपराधिक घटनाओं को दबाने का आरोप रौनाही पुलिस पर लंबे समय से लगता आ रहा है। एक घटना को लेकर एक महिला पत्रकार मुख्यालय पर स्थित तिकोनिया पार्क में धरना देने बैठी है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रतीक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायतियों से मेरी कोई मुलाकात नहीं हुई।

सौ वर्ष पुरानी आबादी के स्थायी समाधान की मांग, विधायक ने रक्षा मंत्री को सौंपा पत्र

अयोध्या। अयोध्या आगमन के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र सौंपकर सरयू नदी के तट से सटे निर्मलीकुंड, गुप्तारघाट, जमथराघाट एवं मीरनघाट क्षेत्र की लगभग 100 वर्ष से अधिक पुरानी आबादी के स्थायी समाधान की मांग की। पत्र में इन क्षेत्रों में लंबे समय से निवास कर रहे गरीब एवं पात्र परिवारों के भूमि स्वामित्वधनियमितीकरण की कार्रवाई कराने का अनुरोध किया गया है। विधायक ने पत्र में कहा कि उक्त आबादी के लोग पीढ़ी–दर–पीढ़ी यहां निवास करते आ रहे हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 07 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

रामलीला देखने को उमड़ रहा दर्शकों का हुजूम

चित्रकूट। तरौंहा में चल रही 13 दिवसीय रामलीला में प्रभु श्रीराम के वनवास के दौरान सीता हरण, सीता खोज, लंका में चढ़ाई, खर दूषण वध एवं मेघनांद लक्ष्मण युद्ध का मंचन कलाकारों ने किया। रामलीला देखने को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। रामलीला महोत्सव में डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, सह संगठन सचिव अनिल अग्रवाल, सदर विधायक अनिल प्रधान, प्रद्युम्न दुबे उर्फ लालू भैया के साथ आयोजक प्रशांत करवरिया ने राम–लक्ष्मण की आरती की। आयोजक ने अतिथियों को शाल व रामनामी पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। मंचन के अनुसार श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के वनवास में बाल्मीकि आश्रम पहुंचे। जहां महर्षि बाल्मीकि ने चित्रकूट में रहने की सलाह दी। इस पर प्रभु श्रीराम ने ऋषि मुनियों से भेटकर विश्व के कल्याण के लिए ज्ञानार्जन किया। यहां 11 वर्ष छह माह छह दिन रहने के दौरान कंदमूल फल खाया। इसके बाद पंचवटी में आश्रय बनाया। जहां सूर्पनखा राक्षसी ने प्रभु श्रीराम को देख मोहित हो गई और विवाह करने का प्रस्ताव रखा। श्रीराम के बार–बार मना करने पर लक्ष्मण ने सूर्पनखा की नाक और कान काट दी। जिससे कुपिता सूर्पनखा अपने भाई खर और दूषण को पूरी व्यथा बताई। इस पर खर और दूषण सेना के साथ आ पहुंचे। जिन्हे प्रभु श्रीराम ने परलोक सिधार दिया। यह देख सूर्पनखा लंका के राजा रावण को पूरी दास्तां बताई। रावण ने सीता हरण की योजना बनाई और मारीज को सोने का हिरण बनाकर भेजा। सोने का मृग देख सीता ने प्रभु श्रीराम को लाने के लिए कहा। श्रीराम हिरण के पीछे काफी दूर निकल गए। लक्ष्मण भी राम को खोजने के लिए कुटिया के चारो ओर लक्ष्मण रेखा खींच कर निकल पड़े। मौका पाकर रावण आया और सीता का हरण कर ले गया। सीता खोज के दौरान हनुमान से भेट हुई। हनुमान ने राम–सुग्रीव मित्रता कराई। प्रभु श्रराम ने बाली का वध किया। इसके बाद वानर सेना खोजते हुए लंका पहुंची। जहां हनुमान ने अशोक वाटिका में बैठी सीता को प्रभु की मुद्रिका दिखाई। अशोक वाटिका में फल फूल खाने के दौरान हनुमान ने रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध किया। फिर लंका दहन और मेघनांद लक्ष्मण युद्ध का मंचन कलाकारों ने किया। दर्शक मंचन देख मंत्रमुग्ध रहे।

आज होगा भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी का नामांकन

–एमएलसी चुनाव के लिए पदाधिकारियों को सौपी गई जिम्मेदारी

चित्रकूट। भाजपा कार्यालय में इलाहाबाद झाँसी निर्वाचन खण्ड की स्नातक चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका एवं निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटर्य में बताया कि स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए गए। जिसमें 236 विधानसभा प्रभारी पूर्व सांसद आरके पटेल, 237 मानिकपुर विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक आनंद शुक्ला को बनाया गया। इसी क्रम में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए कलस्टर प्रभारी बनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, लवकुश चतुर्वेदी, चंद्र प्रकाश खरे को नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक शिक्षक और स्नातक मतदाताओं से संपर्क करने को कहा। उन्होंने मतदाता सूची की जांच करने और भाजपा की नीतियों को मतदाताओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। बूथ स्तर पर संपर्क अभियान चलाने के लिए भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गईं। एमएलसी प्रत्याशी अशोक राठौड़ का छह अक्टूबर को नामांकन होना है। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री आनंद सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आशीष कोल, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, स्नातक चुनाव संयोजक राघवेंद्र सिंह, सहसंयोजक सुशील द्विवेदी, विधानसभा संयोजक विवेक श्रीवास्तव, सुशील वर्मा, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, ओम प्रकाश मिश्रा, हीरो मिश्रा, बद्री विशाल त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

शोभन आश्रम में हुआ हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम

चित्रकूट। डीएम एवं डीएफओ के दिशा निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान व सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला गंगा समिति के तत्वावधान में श्री हनुमानगढ़ी शोभन आश्रम ऐंचवारा में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हरीशंकरी पौधरोपण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पं जयदीप कुमार तिवारी प्रधानाचार्य ने संस्त विद्यालयों के बच्चों को संबोधित करते हुये कहा हरिशंकरी तीन पवित्र वृक्षों का समूह है जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश का प्रतीक माने जाते है। पर्यावरणीय और औषधीय तौर से लाभ देखा जाए तो ये तीनों विशाल वृक्ष पर्यावरण को शुद्व रखेते है। विशेषकर पीपल 24 घंटे ऑक्सीजन उत्सर्जित वाला मुख्य पौधा माना जाता है। इनकी छांव से मिलने वाली प्राणवायु और औषधीय गुण मानसिक शांति के साथा शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते है। इस क्रम में गोपाल .ष्ण गुप्ता डीपीओ जिला गंगा समिति ने अपील किया कि नदी मे गंदगी नही करेगें। कूड़ा कचरा नहीं फेकेंगे और दूसरो को भी ऐसा करने से रोकेंगे। जिससे नदियॉ स्वच्छ, सुंदर और जीवनदायिनी बन सकेगी। इस मौके धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, विष्णु, रामऔतार, वन दरोगा जयवीर आदि मौजूद रहे।

सीएमओ ने सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

चित्रकूट। सीएमओ डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण रमेश कुमार सिंह अधीक्षक के साथ किया। इस दौरान सम्प्रेक्षण गृह में जनपद हमीरपुर के 9, बांदा के 35, चित्रकूट के 13 एवं महोबा के 6, देवरिया के 4 किशोर अपचारी मौजूद रहे। जिन्हे सुबह नाश्ते में पूडी, सब्जी, केला, चाय व अंण्डा तथा दोपहर के भोजन में रोटी, अरहर की दाल, आलू बैगन की सब्जी व चावल दिय गया है। मेडिकल टीम आवश्यक औषधि व उपकरण सहित उपस्थित थी जो नियमित रूप से दवा वितरण आदि करती है। इस मौके पर सम्प्रेक्षण गृह के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को किया जागरुक

चित्रकूट। विकासखंड पहाड़ी के अंतर्गत चाँदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम पंचायत असोह में ग्राम प्रशासक की अध्यक्षता में जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम हुआ। ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जल वंदना, जल पदयात्रा, स्वच्छता अभियान, जागरूकता बैठक तथा मेरा गांव, जल सुरक्षित भविष्य विषय पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। साथ ही ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान द्वारा बताया गया ग्राम पंचायत मकरी पहरा में 658 घरों को नल कनेक्शन के माध्यम से नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम प्रधान मंटो देवी, जल निगम ग्रामीण जूनियर इंजीनियर शिवम त्रिपाठी, ग्राम सभा सदस्य, एल एंड टी फर्म के साइट इंजीनियर गुरुनाध एवं एफ टी के कार्यकर्ता मौजूदद रहे।

पोषण पाठशाला में गर्भवती, धात्री माताओं एवं अभिभावकों को किया जाएगा जागरुक

आजमगढ़ (आर एन एस)जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत सिंह ने अवगत कराया है कि 06 अक्टूबर 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक वेबकास्टध्वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से (एन०आई०सी० द्वारा) पोषण पाठशाला के आयोजन हेतु दिशा निर्देश निर्गत है।इस पोषण पाठशाला कार्यक्रम की थीम ष्स्वस्थ शिशु, सशक्त परिवार–डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिशु पोषण, विशेषकर ऊपरी आहार पर जागरूकताष है। पोषण पाठशाला में इस सम्बन्धा में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायेगी। इस कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी किया जायेगा। लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थीध आम जन मानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकता है।पोषण पाठशाला कार्यक्रम में समस्त मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्णी, सहायिका वेब लिंक के माध्यम से जुड़ेंगी। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपने केन्द्र पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं विशेषकर 06 माह से 02 वर्ष तक की बच्चों के माताओं व अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। जो लाभार्थी किसी कारणवश केन्द्र पर नहीं आ पायेंगे, वह यथासम्भव अपने घरों से वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे, यदि उनके पास स्मार्टफोन की सुविधा उपलब्ध होगी।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज हो, आंगनबाड़ी केन्द्र पर लाभार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो तथा पीने के लिये स्वच्छ जल उपलब्ध हो। समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी परियोजना की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस कार्यक्रम में वेब लिंक के माध्यम से जुड़ें तथा उपरोक्तानुसार आंगनबाड़ी केन्द्र पर लामार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारीध्प्रभारी को निर्देशित किया है कि 06 अक्टूबर 2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 01.00 बजे तक आयोजित पोषण पाठशाला में वेब लिंक के माध्यम से समस्त मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओ, लाभार्थियों को जुड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें तथा आम जनमानस के बीच इस कार्यक्रम की जानकारी का व्यापक प्रचार–प्रसार भी सुनिश्चित करायें, जिससे अधिकतम संख्या में लोग वेबकास्ट लिंक के माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें, जिससे निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाने वाले पांच शातिर चोर गिरतार

चित्रकूट। ट्रेनों में यात्रियों के सामान व मोबाइल फोन पर हाथ साफ करने वाले गिरोह के खिलाफ जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को रेलवे स्टेशन मानिकपुर के प्लेटफार्म नंबर एक के पास कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पांच शातिर चोरों को गिरतार किया। तलाशी के दौरान आरोपितों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन और एक अंगूठी बरामद हुई। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल श्रीवास्तव के निर्देश पर चोरी, लूट और जहरखुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सलीम खान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार यादव आरपीएफ प्रभारी मो शालिक के नेतृत्व में गठित टीम ने मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। टीम ने प्लेटफार्म नंबर–1 से सटे पानी की टंकी वाले मैदान के पंप हाउस से करीब 15 कदम प्लेटफार्म की ओर पांच संदिग्धों को दबोच लिया। गिरतार आरोपियो की पहचान नसीमुद्दीन उर्फ चुन्नू, भोला प्रसाद उर्फ डबल, अखिलेश विश्वकर्मा उर्फ बबलू, लल्लू उर्फ कैलाश और विनोद कुशवाहा सभी मानिकपुर कस्वे के महावीर नगर व पटेल नगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक बरामद 12 मोबाइल में पांच कीपैड और सात एंड्रॉयड फोन शामिल हैं। इसके अलावा एक चांदी की अंगूठी भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जीआरपी मानिकपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

आजमगढ़,(आर एन एस)भारत की जनगणना–2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के सफल, सुचारू एवं समयबद्ध संचालन के लिए जनपद आजमगढ़ में चयनित फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारीघ्रविंद्र कुमार द्वारा चिल्ड्रेन हायर सेकेण्डरी स्कूल, हरबंशपुर, आजमगढ़ में किया गया।उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारी ने फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना–2027 राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके सफल क्रियान्वयन में फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग, गंभीरता एवं अनुशासन के साथ प्रतिभाग करने तथा जनगणना कार्य से संबंधित प्रक्रियाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं एवं आवश्यक दिशा–निर्देशों की जानकारी भली–भांति प्राप्त करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण के उपरांत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। अतः प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक विषय को पूरी तरह समझना, व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करना तथा अपनी शंकाओं का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो और जनगणना कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।जनपद आजमगढ़ में कुल 164 फील्ड ट्रेनर्स को निधार्रित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न बैचों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना–2027 के द्वितीय चरण से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं, मोबाइल एप्लीकेशन, जनगणना की गणना प्रक्रिया, प्रपत्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारी ने सभी फील्ड ट्रेनर्स को निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार समय से प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए।

15 अक्टूबर को होगी अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के निर्देशन में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के लिए अनुराग कुरील अपर जिला जज एफटीसी नोडल अधिकारी ने न्यायिक अधिकारी अध्यक्ष उपसमिति मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की बैठक की। बैठक में नोडल अधिकारी ने शिविर से सम्बन्धित आयोजित किये जाने वाले प्री–कैम्पों के बारे में सम्बन्धित समस्त उपसमितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों से जानकारी प्राप्त की गयी। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद में कार्यरत अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा उक्त विधिक सहायता शिविर के सफल आयोजन के लिए अपने विभाग से सम्बन्धित जनहित विषयों पर अधिक से अधिक शिविर लगाकर आम जनता को जानकारी प्रदान की जानी है एवं लाभार्थियों को चिन्हित किया जाना है। अध्यक्ष ने बताया कि मेगा बृहद विधिक सेवा शिविर का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित निर्बल वर्ग, निधर्न वर्ग, दिव्यागों, बच्चों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विधिक जानकारी प्रदान करना एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। इस अवसर पर गीता सिंह विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, राममणि पाठक अपर जिला जज एफटीसी न्यू, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज सीडि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी, अंशुमान यादव अपर सिविल जज सीडि, विदिशा भूषण सिविल जज जूडि, अभिनव कुमार दुबे न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने वर्ष 2026 की अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की चतुर्थ चरण की बैठक 15 अक्टूबर के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत संचालित लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल में कार्यरत समस्त न्याय रक्षकगणों की बैठक आहूत कर निर्देश दिये कि जेल में विजिट कर पात्र व्यक्तियों का चिन्हिकरण करना सुनिश्चित करें। जिससे अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के तहत बन्दियों की रिहाई करायी जा सके।

शम्भूपुर घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु जांच अधिकारी नामित, प्रत्यक्षदर्शी एवं ग्रामवासियों से साक्ष्य/बयान देने की अपील

आजमगढ़,(आर एन एस)उप जिला मजिस्ट्रेट, बूढ़नपुर चन्द्र प्रकाश सिंह ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि जिला मजिस्ट्रेट, आजमगढ़ के आदेश के अनुपालन में ग्राम शम्भूपुर, थाना अहरौला, तहसील बूढ़नपुर, जनपद आजमगढ़ में दिनांक 22 सितम्बर 2026 लगभग सायं 05रू00 बजे घटित घटना में अरविन्द सिंह द्वारा अपने घर में गायत्री पूजा से क्षुब्ध होकर अपनी पत्नी बबिता एवं महेन्द्र प्रसाद पाठक पुत्र स्व० सुदामा पाठक निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, थाना अहरौला एवं अखिलेश मिश्रा पुत्र लालधर मिश्रा निवासी ग्राम आछेपुर छत्तौना, थाना अहरौला को अपने लाइसेन्सी असलहा से गोली मारकर हत्या कर दी गयी तथा अपने तीन बच्चों के साथ अपने आपको अपने घर में बंद कर लिया। उक्त घटना की सूचना होने पर जोन एवं जनपद की पुलिस उच्चाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे में बच्चों के साथ बंद अभियुक्त अरविन्द सिंह को समझा–बुझाकर आत्मसर्पण किये जाने का प्रयास किया गया, किन्तु प्रयास करने के बाद अभियुक्त द्वारा धमकाया जा रहा था कि मैने जिस तरह से तीन लोगों की हत्या कर दी है, उसी तरह से अपने तीनो बच्चों को गोली मार दूंगा। दिनांक 23 सितम्बर 2026 को रात्रि 00रू50 बजे बंद कमरे से अचानक गोली चलने व बच्चों की रोने–चीखने की आवाज आयी, जिस पर मौके पर उपस्थित उच्चाधिकारियों ने बच्चों की जान–माल की सुरक्षा को देखते हुए दरवाजा तोड़ने का निर्णय लिया। दरवाजा टूटते ही अभियुक्त ने गोली चला दी, जिसके जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त घायल हो गया।उक्त घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट, बूढ़नपुर द्वारा की जा रही है, जो भी ग्रामवासी या प्रत्यक्षदर्शी उक्त घटना के सम्बन्ध में अपने लिखितध्मौखिक साक्ष्य या बयान देना चाहते हैं,

वडनगर से वाराणसी यात्रा का जनपद आजमगढ़ में विभिन्न स्थलों पर हुआ शानदार स्वागत

आजमगढ़,(आर एन एस)सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर (गुजरात) से वाराणसी तक जल, जन एवं सेवा संकल्प को समर्पित यात्रा का जनपद आजमगढ़ में लोकसभा क्षेत्र आजमगढ़ एवं लालगंज तथा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निधार्रित स्थलों पर जिला प्रशासन के साथ–साथ जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान जनसंपर्क, स्वच्छता, वृक्षारोपण, मंदिरों में दर्शन–पूजन, लाभार्थियों से संपर्क, स्वास्थ्य परीक्षण, फल वितरण, चौपाल एवं यात्रा अनुभव साझा करने सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यात्रा का प्रमुख उद्देश्य पवित्र जल के आदान–प्रदान के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की जन्मभूमि व कर्मभूमि को जोड़ना तथा मार्ग में पड़ने वाले गांवों एवं शहरों में सेवा, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर सहज संवाद स्थापित करना है। यात्रा के अंतर्गत वाराणसी से 250 बाइक एवं 500 यात्री गंगाजल लेकर वडनगर गए तथा वडनगर से काशी लौट रहे हैं। प्रत्येक टोली के साथ आधुनिक एलईडी वाहन, प्रचार सामग्री एवं संवाद टीम भी रही। यात्रा के दौरान गुजरात की पवित्र नदियों एवं शर्मिष्ठा तालाब के जल से काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक तथा काशी के गंगाजल से वडनगर स्थित हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। मार्ग में ग्रामीण एवं शहरी पड़ावों पर जनसंवाद तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है।फूलपुर नगर में हुआ यात्रा का पड़ावमुख्य विकास अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी यात्रा के जनपद आजमगढ़ से गुजरने के दौरान 05 अक्टूबर को विभिन्न निर्धारित स्थलों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा के रूट–5 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र लालगंज में फूलपुर नगर के जगदीशपुर में यात्रा का ठहराव हुआ। यहां फूलपुर नगर का भ्रमण, वृक्षारोपण तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इसके उपरांत विकासखंड लालगंज की ग्राम पंचायत गोमाडीह में संध्या भजन–कीर्तन एवं रात्रि विश्राम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 06 अक्टूबर को विकासखंड लालगंज के मसीरपुर में प्रातः रामजानकी मंदिर की साफ–सफाई, वृक्षारोपण एवं लाभार्थियों से संपर्क का कार्यक्रम प्रस्तावित है।निजामाबाद में दुर्वासा ऋषि स्थल से लेकर ब्लैक पॉटरी निर्माण तक विविध गतिविधियांयात्रा के रूट–7 के अंतर्गत 05 अक्टूबर को निजामाबाद में दुर्वासा ऋषि स्थल पर दर्शन–पूजन, जलपान एवं वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात निजामाबाद मार्केट में संध्या भजन–कीर्तन एवं रात्रि विश्राम हुआ। यात्रा के दौरान शीतला माता मंदिर की साफ–सफाई, ओडीओपी ब्लैक पॉटरी निर्माण स्थल का भ्रमण तथा गुरुद्वारा साहिब में दर्शन सहित विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से सेवा, स्वच्छता, स्थानीय विरासत एवं जनभागीदारी का संदेश दिया गया। अतरौलिया में कैलाश्वर धाम पर दर्शन–पूजन एवं वृक्षारोपणरूट–10 के अंतर्गत डाक बंगला अतरौलिया में यात्रा का ठहराव हुआ। यहां कैलाश्वर धाम (कैली) में दर्शन–पूजन, वृक्षारोपण तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। स्थानीय लोगों के साथ संवाद करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी भी साझा की गई। कप्तानगंज से भंवरनाथ मंदिर तक पहुंची यात्रा

रूट–10 के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र आजमगढ़ में भी यात्रा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 05 अक्टूबर को यात्रा तरही डिग्री कॉलेज, कप्तानगंज पहुंची, जहां वृक्षारोपण एवं ठहराव कार्यक्रम हुआ। इसके पश्चात यात्रा कंधरापुर बाजार होते हुए भंवरनाथ मंदिर पहुंची, जहां बाबा भंवरनाथ के दर्शन–पूजन किए गए। इसके बाद यात्रा का भाजपा जिला

छात्रवृत्ति आवेदन लंबित रखने वाली शिक्षण संस्थाओं को 08 अक्टूबर तक फॉरवर्ड करने के निर्देश

आजमगढ़ (आर एन एस)जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ चेतन सिंह द्वारा बताया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग छात्र–छात्राओं के लिए संचालित छात्रवृत्ति कक्षा (9–10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा (11–12) व अन्य पाठ्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना सत्र 2026–27 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन कर फाइनल सबमिशन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को समीक्षा करने पर पाया गया कि जनपद की विभिन्न शिक्षण संस्थाओंधविद्यालयों ध आई०टी०आई०ध्महाविद्यालयों द्वारा अभी भी लगभग 37761 आवेदन अपनी संस्थाओं के लॉगिन पर लम्बित रखे गये है, जिनको फॉरवर्ड नहीं किया गया है। इसमें पूर्वदशम छात्रवृत्ति के 7489 एवं दशमोत्तर कक्षा 11–12 के 10391 तथा अदर देन इंटर के 19884 आवेदन शामिल है।उन्होंने सभी संस्थाओं के प्रधानाचार्य ध छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 08 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक दशा में सभी लम्बित आवेदनों को अपनी लॉगिन से नियमानुसार वेरीफाई कर फॉरवर्ड करना सुनिश्चित करें। यदि किसी संस्था द्वारा निर्धारित समय मे कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो उस संस्था को छात्रवृत्ति योजना से वंचित रखते हुए संस्तुति शासन को भेज दी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्था प्रधान की होगी।यदि किसी छात्र का आवेदन संस्था स्तर पर लम्बित है तो वह तत्काल अपने संस्थान से सम्पर्क कर फॉरवर्ड कराना सुनिश्चित करें।

बच्चों के आधार लिंक खाते में ही अन्तरित होगी, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की धनराशि

आजमगढ(आर एन एस)जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य) की धनराशि सीधे बच्चों के आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जायेगी। लाभ पा रहे समस्त लाभार्थियों के माताधपिताध्अभिभावक अपने बच्चो के नाम से बैंक खाता खुलवाकर बच्चों के आधार से एनपीसीआई एवं डीबीटी की प्रकिया आगामी एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।

अलग-अलग हादसों में सात लोग घायल

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के अशोह गांव के पास अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से इस पर सवार चार यात्री घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा देवांगना घाटी के पास आमने सामने से बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हुए। सोमवार की सुबह पहाड़ी से कर्वी की ओर आ रहा यात्रियों से भरा ई रिक्शा जैसे ही अशोह मोड पर पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही कार को देख चालक ने रिक्शा किनारे किया लेकिन इसी बीच रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा सवार चकौंध के ब्रजेंद्र कुमार, गुलाब चंद्र, पहाड़ी निवासी मंजेश कुमार और कर्वी के चुनहापुरवा निवासी संदीप कुमार घायल हो गए।

पीएचसी रुखमा खुर्द में व्याप्त कमियां दूर करने को दिया ज्ञापन

चित्रकूट। समाजसेवी सपा कार्यकर्ता आनंद यादव ने पाठा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूखमा खुर्द में मूलभूत स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुविधाओं की कमी को लेकर डीएम संबोधित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे को सौंपकर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र पर वार्मर, बेबी हार्ट मशीन व जेल, प्लेसेंटा पकड़ने वाला उपकरण, प्रसव संबंधी आवश्यक उपकरण, वार्ड आया, महिला सफाई कर्मचारी, इन्वर्टर, बिजली बैकअप तथा 102 एंबुलेंस जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव क्षेत्र की जनता के लिए गंभीर समस्या है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 07 अक्टूबर 2026
sheelshukla100@gmail.com

टीपीएल सीजन 8 बोपन्ना, बुरुचागा, हिजिकाता मार्की लाइन-अप में शामिल

मुंबई ,। टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंटरनेशनल स्टार रोमन बुरुचागा, रिंकी हिजिकाता और टेरेंस एटमाने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें सीजन के मार्की प्लेयर लाइन–अप में शामिल होंगे। नीलामी 12 अक्टूबर को मुंबई में होगी। आठ फ्रेंचाइजी नीलामी में अपने–अपने मार्की प्लेयर्स के आस–पास अपनी टीम बनाएंगी। बोपन्ना, जो गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, मार्की लाइन–अप को लीड करेंगे। 46 साल के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 पुरुष डबल्स में दो बार के ग्रैंड स्लैम चौंपियन हैं। बोपन्ना ने 2017 फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स टाइटल और 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स का खिताब जीता है। पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित बोपन्ना ने कहा, मैं टीपीएल में वापस आने का सच में इंतजार कर रहा हूं। हर साल, लीग और मजबूत होती जा रही है, और मुझे टीम का माहौल और इस फॉर्मेट से मिलने वाली ऊर्जा बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, इस साल, कॉम्पिटिशन बहुत कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा भारतीय टैलेंट का शानदार मिश्रण होगा। हैदराबाद का टेनिस के साथ हमेशा से एक मजबूत कनेक्शन रहा है, इसलिए मुझे यकीन है कि माहौल इसे और भी खास बना देगा। मैं कॉम्पिटिशन करने, अनुभव का आनंद लेने और कोर्ट पर वापस आने के लिए उत्साहित हूं।अर्जेंटीना के रोमन बुरुचागा, जो कोलकाता थंडर ब्लेड्स के लिए खेलेंगे, इंटरनेशनल मार्की टीम के एकल खिलाड़ियों में सबसे ऊंची रैंक वाले खिलाड़ी हैं। 24 साल के इस खिलाड़ी की अभी वर्ल्ड रैंकिंग में 60वीं रैंक है। वह इस साल की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 25 साल के इस खिलाड़ी ने 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन्स डबल्स टाइटल जीता था और 2025 विंबलडन मेन्स डबल्स फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने करियर की सबसे ज्यादा डबल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 23 भी हासिल किया है और अभी एकल में 82वें स्थान पर हैं। उन्होंने कहा, मैं राजस्थान रेंजर्स का हिस्सा बनकर और इस सीजन में अपना टीपीएल डेब्यू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। 25–पॉइंट फॉर्मेट लीग को बहुत रोमांचक बनाता है। मैं हैदराबाद में ऊर्जा का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं। फ्रांसीसी टेरेंस एटमाने, जिन्हें श्द मैजिशियनन्य निकनेम से जाना जाता है, मुंबई रॉयल्स के हेडलाइनर होंगे। 24 साल के इस खिलाड़ी ने इस साल करियर की सबसे ज्यादा एकल रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 41 हासिल की है।चेकिया के डालिबोर स्वर्सिना लखनऊ ब्लेजर्स के साथ लगातार दूसरे सीजन में वापसी करेंगे। उन्होंने करियर की सबसे ज्यादा एकल रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 86 हासिल की है।हैदराबाद स्ट्राइकर्स का क्रोएशिया के डिनो प्रिजमिक प्रतिनिधित्व करेंगे। पूर्व जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 और 2023 रोलैंड गैरोस बॉयज एकल चौंपियन, 21 साल के इस खिलाड़ी ने इस साल वर्ल्ड नंबर 70 की करियर–हाई रैंकिंग हासिल की।ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन डिफेंडिंग चौंपियन जीएस दिल्ली एसेस का प्रतिनिधित्व करेंगे। वॉल्टन वर्ल्ड नंबर 74 की करियर–हाई रैंकिंग पर पहुंच गए हैं और एटीपी टूर और ग्रैंड स्लैम का अनुभव टीम में लाए हैं। मार्की लाइन–अप को पूरा करने वाले फ्रेंचमैन एलेक्जेंडर मुलर हैं, जो एक बार फिर गुजरात पैंथर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 29 साल के इस खिलाड़ी ने, जो इस फील्ड के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, करियर की सबसे ऊंची एकल रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 38 पर पहुंच गए हैं।आठ फ्रेंचाइजी मुंबई रॉयल्स, राजस्थान रेंजर्स, गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स, कोलकाता थंडर ब्लेड्स, लखनऊ ब्लेजर्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स और जीएस दिल्ली एसेस हैं। टूर्नामेंट 8 से 13 दिसंबर तक हैदराबाद के एलबी टेनिस स्टेडियम में खेला जाएगा।लीग अपना टीम–बेस्ड फॉर्मेट बनाए रखेगी, जिसमें मेन्स सिंगल्स, विमेंस सिंगल्स, मेन्स डबल्स और मिक्स्ड डबल्स होंगे।

हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ी, कहा बतौर खिलाड़ी सफर जारी रहेगा

नई दिल्ली ,। अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2025 का चौंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ दी है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट के माध्यम से हरमन ने टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। बतौर खिलाड़ी वह उपलब्ध रहेंगी। हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ने का फैसला उपकप्तान स्मृति मंधाना, हेड कोच अमोल मजूमदार और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया के साथ हुई बैठक के बाद लिया। स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में हरमनप्रीत की जगह महिला टीम की नई कप्तान बन सकती हैं। हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज, मैं सभी फॉर्मेट में इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह कोई आसान फैसला नहीं है। इसमें वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल हैं, जो मेरी बाकी जिंदगी मेरे साथ रहेंगे।उन्होंने लिखा, मैंने इस टीम और इंडियन विमेंस क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है कृ अपना खून, अपना पसीना, अपना समय, और कई बार, अपने खेल और पर्सनल एम्बिशन का एक हिस्सा। ऐसे पल भी आए, जब मुझे अपने निजी प्रदर्शन, अपना विकास और अपने लिए जो मैं चाहती थी, उसे एक तरफ रखना पड़ा, क्योंकि मेरा मानना था कि टीम को पहले रखना चाहिए।

हरमन ने लिखा, एक कप्तान के तौर पर, मुझे मुश्किल फैसले लेने पड़े हैं। ऐसे फैसले जो हमेशा समझ में नहीं आते थे, हमेशा आसान नहीं होते थे, और कभी–कभी पर्सनल कीमत चुकानी पड़ती थी। लेकिन मैंने जो भी फैसला लिया, उसका मकसदकृ इस टीम को बेहतर बनाना और दूसरे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, खुद पर विश्वास करने और खुद का बेस्ट वर्जन बनने का मौका देना था।दिग्गज खिलाड़ी ने लिखा, मैंने सब कुछ देखा है। मैंने सबसे बुरे पल, दिल टूटना, बुराई, शक और वे दिन देखे हैं, जब कुछ भी हमारे हिसाब से नहीं होता था। और मैंने सबसे ऊँचे मुकाम भी देखे हैंकृजीत, जश्न, अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व, और वे पल जब हर कुर्बानी सार्थक लगी। आज मैं भावनाओं से भरे दिल के साथ, लेकिन शांति के साथ कप्तानी छोड़ रही हूं।

उन्होंने लिखा, मुझे सच में विश्वास है कि मेरी टीम अच्छी जगह पर है। एक ऐसी टीम, जिसमें टैलेंट, कैरेक्टर, विश्वास और भविष्य है, जिसे देखने और जिसका हिस्सा बनने के लिए मैं



बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मैंने अपना फर्ज निभाया है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने गर्व के साथ जिम्मेदारी निभाई, और मैं भारतीय महिला क्रिकेट को लीड करने के सौभाग्य के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।

हरमन ने कहा, अब, मेरे लिए पन्ना पलटने का समय आ गया है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। हर साथी खिलाड़ी, कोच, सपोर्ट स्टाफ, प्रबंधन, बीसीसीआई, परिवार के सदस्यों, हर एक फैन का शुक्रिया, जो मेरे साथ अच्छे और बुरे समय में खड़े रहे। खून। पसीना। सफाई। गर्व। मैंने सब कुछ दिया। अब, मैं फिर से खेल के प्यार के लिए खेलने के लिए तैयार हूं। कप्तानी खत्म। सफर जारी है। 37 साल की हरमनप्रीत ने 2012 में अस्थायी तौर पर कप्तानी की थी। 2016 में वह पूर्णकालिक कप्तान बनीं। उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने अपना पहला आईसीसी इवेंट, वनडे विश्व कप 2025 जीता था। उन्होंने भारत को महिला टी20 एशिया कप, एशियन गेम्स में लगातार 2 बार गोल्ड और कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में सिल्वर मेडल जिताने में मदद की थी।

नीली जर्सी का दबाव बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर देता है - प्रियांश आर्य

नई दिल्ली । युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले वनडे मैचों की तैयारी के दौरान इंडिया ए के साथ अपने समय को याद किया। उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलने का अनुभव मजेदार बताया। उन्होंने कहा कि दबाव में शानदार प्रदर्शन का अवसर भी होता है। प्रियांश ने पिछले साल कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 101 रन बनाए थे और लिस्ट ए क्रिकेट में उनके नाम पाँच और अर्धशतक हैं। आर्य ने दिल्ली में मीडिया से कहा, इंडिया ए के लिए खेलना बहुत मजेदार है। नीली जर्सी पहनना गर्व की बात है। मुझे पिछले साल इंडिया ए के लिए सेंचुरी बनाकर बहुत अच्छा लगा। जब आप किसी भी स्तर पर देश के लिए खेलते हैं तो आप पर थोड़ा दबाव होता है। दबाव एक



मौका भी है। मुझे दबाव में खेलने में मजा आता है और मैं उसे अच्छे से संभालने की कोशिश करता हूं। दिल्ली का यह बाएँ हाथ का बल्लेबाज पिछले दो इंडियन प्रीमियर लीग सीजन में भी सुर्खियों में रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में 179.24 के स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए और 2026 सीजन में 211.62 के स्ट्राइक रेट से 364 रन बनाए। आईपीएल में वह पंजाब किंग्स के लिए खेलते हैं। आर्य ने कहा, मैं स्ट्राइक रेट पर उतना फोकस नहीं करता, लेकिन फिर भी मैं जितना हो सके पावरप्ले का फायदा उठाने की कोशिश करता हूं। मैंने पिछले साल की तुलना में इस आईपीएल में थोड़ी ज्यादा मेहनत की, और इसका फायदा मिला। अगर मेरे खेलने के तरीके में ज्यादा रिस्क है, तो इनाम भी ज्यादा है। मुझे बस खुद पर भरोसा है। जब मैं गेंद को हिट करता हूं, तो मन में कोई शक नहीं होता।

उन्होंने कहा, अगर मैं आउट भी हो जाता हूं, तो मुझे ज्यादा बुरा नहीं लगता।

मैं हमेशा सकारात्मक रहता हूं। आप 50 ओवर के क्रिकेट में अपना समय ले सकते हैं, और मैं भी ऐसा करता हूं, क्योंकि वहां जल्दी रन बनाने का दबाव कम होता है। मैं बस इतना जानता हूं कि आज के समय में आपको हर दिन सुधार करते रहना चाहिए, और मैं भी यही कोशिश करता हूं।

विश्व कप, एशियन गेम्स गोल्ड, एशिया कप, कामनवेल्थ, हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने देखा सफलता का ऐतिहासिक दौर

नई दिल्ली ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय का मंगलवार को अंत हो गया। अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाली हरमनप्रीत कौर ने अपना पद छोड़ दिया है। 37 साल की हरमन ने सोशल मीडिया पर महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। बतौर खिलाड़ी वह सक्रिय रहेंगी। हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सफलतम कप्तान हैं। हरमनप्रीत के कप्तान बनने से पहले भारतीय टीम देश में विदेश में बड़ी टीमों को चुनौती तो देती, लेकिन जीत से दूर रह जाती थी। 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद हरमन ने टीम की दशा और दिशा दोनों बदल दी। अपनी 10 साल की कप्तानी में हरमन ने भारतीय टीम को न सिर्फ अलग–अलग वैश्विक मंचों पर चौंपियन बनाया, बल्कि टीम को एक मजबूत और सशक्त ताकत के रूप में स्थापित किया। 37 साल की हरमनप्रीत 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनीं। उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने अपना पहला आईसीसी इवेंट (वनडे विश्व कप 2025) जीता था।

फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 4 बार एशिया कप (2012, 2016, 2022 और 2026) जीता। 2012 में वह अस्थायी कप्तान थीं। हरमन की कप्तानी में भारतीय महिला टीम हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 और आइची–नागोया एशियन गेम्स में लगातार 2 बार गोल्ड मेडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय टीम ने हरमन की कप्तानी में ही सिल्वर मेडल जीता था।

हाल ही में लॉर्ड्स में महिलाओं का पहला टेस्ट खेला गया था। हरमन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने घरेलू टीम इंग्लैंड को हराकर इतिहास रचा था।

पिछले 10 वर्ष की अवधि में हरमनप्रीत कौर ने भारतीय टीम को पांच टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में लीड किया।

हरमनप्रीत कौर के बाद उपकप्तान स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में महिला क्रिकेट टीम की नई कप्तान हो सकती हैं।

आईपीओ से पहले एनारॉक का आपरेटिंग कैश फ्लो हुआ निगेटिव-डीआरएचपी

मुंबई ,। शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कंपनी एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स ने वित्त वर्ष 2025–26 में आय और मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की है।



हालांकि, कंपनी का ऑपरेटिंग कैश फ्लो निगेटिव हो गया है, जो उसके प्रस्तावित 1,000 करोड़ रुपए के आईपीओ से पहले निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। कंपनी द्वारा दाखिल किए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में यह जानकारी सामने आई है।

डीआरएचपी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025–26 में एनारॉक का शुद्ध लाभ (नेट प्रॉफिट) बढ़कर 93.22 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024–25 में 60.78 करोड़ रुपए था। वहीं, परिचालन से राजस्व (रेवेन्यू) 33.83 प्रतिशत बढ़कर 881.90 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो एक वर्ष पहले 658.95 करोड़ रुपए था।

पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी की आय और मुनाफे में लगातार वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023–24 में कंपनी का राजस्व 509.23 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 44.94 करोड़ रुपए था। इससे संकेत मिलता है कि कंपनी ने अपने कारोबारी विस्तार और सेवाओं की विविधता के दम पर लगातार विकास दर्ज किया है।

हालांकि मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बावजूद कंपनी के ऑपरेटिंग कैश फ्लो में उल्लेखनीय गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025–26 में यह 12.07 करोड़ रुपए का आउटफ्लो रहा, जबकि एक वर्ष पहले कंपनी ने परिचालन गतिविधियों से लगभग 93 करोड़ रुपए का सकारात्मक नकदी प्रवाह दर्ज किया था।

डीआरएचपी के मुताबिक, इसका प्रमुख कारण ट्रेड रिसीवेबल्स में तेज वृद्धि रही। कंपनी के ग्राहकों से मिलने वाली बकाया राशि बढ़कर 464.21 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष लगभग 316 करोड़ रुपए थी।ट्रेड रिसीवेबल्स उन भुगतानों को दर्शाती हैं, जो कंपनी द्वारा सेवाएं प्रदान करने और राजस्व दर्ज करने के बावजूद ग्राहकों से अभी प्राप्त नहीं हुए हैं। एनारॉक का कहना है कि यह बढ़ोतरी आंशिक रूप से राजस्व में वृद्धि और बिलिंग तथा राजस्व मान्यता के समय के कारण हुई है, विशेष रूप से वित्त वर्ष के अंत में बुककिए गए कारोबार के चलते।यह कैश फ्लो स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब कंपनी पूंजी बाजार में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है और साथ ही अधिग्रहणों के जरिए विस्तार भी कर रही है।27 सितंबर 2026 को एनारॉक ने आर्किटेक्चर और डिजाइन क्षेत्र की कंपनी डीएसपी डिजाइन एसोसिएट्स में 53.68 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। यह सौदा 64.01 करोड़ रुपए में हुआ, जिसमें नई पूंजी निवेश और मौजूदा शेयरधारकों से शेयर खरीद, दोनों शामिल थे। इस अधिग्रहण के महज तीन दिन बाद कंपनी ने अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए।एनारॉक की स्थापना अनुज पुरी ने वर्ष 2017 में जेएलएल इंडिया से अलग होने के बाद की थी। शुरुआत में कंपनी आवासीय संपत्ति परामर्श सेवाओं तक सीमित थी, लेकिन अब यह एक व्यापक रियल एस्टेट सेवा मंच के रूप में विकसित हो चुकी है।वर्तमान में कंपनी ट्रांजैक्शन एडवाइजरी, कमर्शियल लीजिंग, निवेश परामर्श, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग सेवाएं, तकनीक–आधारित रियल एस्टेट समाधान, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, इंडस्ट्रियल, लॉजिस्टिक्स, भूमि और वैल्यूएशन एडवाइजरी जैसे कई क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है।31 मार्च 2026 तक कंपनी के पास 2,192 स्थायी कर्मचारी थे ।

भारत के सर्विसेज सेक्टर की गतिविधियां सितंबर में तीन महीनों के उच्चतम स्तर पर, पीएमआई 55.2 रहा

नई दिल्ली । भारत के सर्विसेज सेक्टर में गतिविधियां सितंबर में बीते महीनों में सबसे तेजी से बढ़ी हैं। इसकी वजह मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डर्स का तेजी से बढ़ना था। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुए एचएसबीसी इंडिया पीएमआई डेटा में दी गई।एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित किए गए एचएसबीसी इंडिया पीएमआई डेटा में बताया गया कि सितंबर में पीएमआई बढ़कर 55.2 पर पहुंच गया है, जो कि अगस्त में 54.1 पर था। यह जून के बाद पीएमआई का सबसे उच्चतम स्तर है।सितंबर में नए बिजनेस में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और यह पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ा है। इस दौरान कंपनियों ने डिजिटल समाधान, खाने–पीने की चीजों, इंश्योरेंस, लोन, सॉफ्टवेयर, ट्रांसपोर्टेशन और टूर–एंड–ट्रैवल के लिए ज्यादा मांग देखी।एचएसबीसी इंडिया ने कहा कि फाइनेंस, इंश्योरेंस और कंज्यूमर सर्विस सेक्टर की बिक्री में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई।एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, पीएमआई सर्वेक्षण से पता चलता है कि घरेलू मांग बढ़ने की वजह से भारत का सर्विस सेक्टर लगातार बेहतर हो रहा है।उन्होंने कहा, साथ ही, निर्यात का कारोबार भी बढ़ता रहा, हालांकि ग्रोथ की रफ्तार धीमी हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि सितंबर में इनपुट लागत का दबाव कम होने से सर्विस प्रोवाइडर्स को अपनी बिक्री की कीमतें बढ़ाने की जरूरत कम पड़ी।हालांकि, सर्वेक्षण से अनुसार सर्विसेज पीएमआई का औसत जुलाई–सितंबर तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले कम रहा और इसने मार्च 2022 को खत्म हुई तिमाही के बाद से अपना सबसे कमजोर तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया।इसके अलावा, भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी सुधार हुआ। कंपनियों ने जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और अमेरिका से बेहतर कारोबार की सूचना दी। सितंबर में नए निर्यात बिजनेस में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ गई। हालांकि, बेहतर ऑर्डर बुक और पाइपलाइन में मौजूद प्रोजेक्ट्स ने सर्विस कंपनियों द्वारा और भर्तियां करने में मदद की।

रोजगार में ठीक–ठाक रफ्तार से बढ़ोतरी हुई, हालांकि नौकरी पैदा करने की दर अगस्त के मुकाबले थोड़ी कम हुई।इनपुट लागत का दबाव भी कम हुआ, क्योंकि इनपुट कीमतों में महंगाई नवंबर 2025 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई।इसके अलावा, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स –– जिसमें मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज दोनों शामिल हैं –– अगस्त के 54.3 से बढ़कर सितंबर में 55.9 हो गया है।

भारत में सितंबर में आटो रिटेल बिक्री 31.8 प्रतिशत बढ़कर रिकार्ड 25 लाख इकाई के पार फाडा

नई दिल्ली ,। त्योहारी मांग और कम आधार के चलते सितंबर में घरेलू ऑटोमोबाइल रिटेल बिक्री सालाना आधार पर 31.82 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,36,920 इकाई हो गई। यह जानकारी उद्योग संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में दी गई।आंकड़ों के अनुसार, अगस्त की तुलना में सितंबर में रिटेल बिक्री 4.69 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, सितंबर उद्योग के लिए अब तक का सबसे अच्छा महीना रहा।फाडा ने कहा कि सालाना आधार पर हुई इस तेज वृद्धि को कम आधार के नजरिए से देखा जाना चाहिए, क्योंकि सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले खरीदारी टालने के कारण बिक्री प्रभावित हुई थी।

इसके अलावा, छह में से पांच वाहन श्रेणियों में उद्योग ने अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया। वित्त वर्ष 2026–27 की पहली छमाही में भी रिटेल बिक्री रिकॉर्ड 1,55,12,319 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 20.77 प्रतिशत अधिक है।श्रेणीवार देखें तो दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 33.08 प्रतिशत बढ़कर 17,90,188 इकाई हो गई, जबकि यात्री वाहनों की बिक्री 32.10 प्रतिशत बढ़कर 4,27,213 इकाई रही।वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 37.62 प्रतिशत बढ़कर 1,03,557 इकाई हो गई। सितंबर में पहली बार इस सेगमेंट की बिक्री एक लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गई।तिपहिया वाहनों की बिक्री 22.25 प्रतिशत बढ़कर 1,32,570 इकाई रही, जबकि ट्रैक्टरों की बिक्री 13.75 प्रतिशत बढ़कर 76,906 इकाई हो गई।निर्माण उपकरणों की बिक्री 38 प्रतिशत बढ़कर 6,486 इकाई हो गई।फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, सितंबर 2026 भारतीय ऑटो रिटेल के इतिहास का सबसे अच्छा सितंबर रहा।उन्होंने कहा कि अधिक महत्वपूर्ण संकेतकों में पहली



छमाही की रिकॉर्ड बिक्री, महीने–दर–महीने 4.69 प्रतिशत की वृद्धि और वित्त वर्ष 2026–27 के पहले पांच महीनों में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। इसमें सितंबर की असामान्य तुलना को शामिल नहीं किया गया है।इसके अलावा, सितंबर में यात्री वाहनों की रिटेल बिक्री में वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत रही, जो पेट्रोल वाहनों की 41.27 प्रतिशत हिस्सेदारी के लगभग बराबर है।यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच बढ़कर 8.45 प्रतिशत हो गई।फाडा ने कहा कि सभी श्रेणियों को मिलाकर इलेक्ट्रिक वाहनों की रिटेल बिक्री लगभग 3.34 लाख इकाई के सर्वकालिक मासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इससे कुल वाहन बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 13 प्रतिशत हो गई।रिपोर्ट में कहा गया कि 75.57 प्रतिशत डीलरों को अक्टूबर में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

मौसम की मार से छोटी इलायची में उबाल 3 हफ्ते में 300 उछले भाव, जगरतन 4400 प्रति किलो पर पहुंचा

जयपुर। उत्पादक क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम और सूखे के चलते छोटी इलायची की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है, जिसका सीधा असर अब थोक व खुदरा बाजार की कीमतों पर दिखने लगा है। आपूर्ति संकट गहराने से बीते महज तीन हफ्तों के भीतर छोटी इलायची की कीमतों में करीब 300 रुपए प्रति किलो का जोरदार उछाल दर्ज किया गया है।स्थानीय किराना एवं ड्राई फ्रूट मार्केट में प्रीमियम क्वालिटी जगरतन ब्रांड छोटी इलायची (8.5 एमएम) के भाव 4300 से 4400 रुपए प्रति किलो के मजबूत स्तर



पर बोले जा रहे हैं। व्यापारिक जानकारों के मुताबिक, प्रमुख इलायची उत्पादक क्षेत्रों में मानसून की बेरुखी और सूखे के कारण पौधों में पर्याप्त फलियां विकसित नहीं हो सकीं। इस वजह से चालू सीजन में कुल उत्पादन में भारी गिरावट का अनुमान लगाया गया है।हालांकि, नीलामी केन्द्रों पर नई इलायची की आवक 15 अगस्त से शुरू हो चुकी है, लेकिन मांग के मुकाबले आपूर्ति बेहद सीमित बनी हुई है। नीलामी केन्द्रों पर नई खेप पहुंचते ही हाथों–हाथ बिक रही है। त्योहारी सीजन के चलते घरेलू खपत और वैश्विक स्तर पर निर्यात मांग में तेज इजाफा हुआ है, जबकि मंडियों में आवक सामान्य के मुकाबले घटकर आधी रह गई है। वैश्विक मोर्चे पर भी राहत के संकेत नहीं हैं।दुनिया के प्रमुख इलायची उत्पादक देश ग्वाटेमाला से भी इस वर्ष कम पैदावार की खबरें सामने आ रही हैं, जहां नई फसल की आवक जनवरी में शुरू होती है। मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ते इस असंतुलन को देखते हुए बाजार विश्लेषक आने वाले दिनों में

दृश्यम 3 ने 2 दिनों में ही वसूली बजट की पूरी लागत, 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार

अजय देवगन की फिल्म दृश्यमरू द कन्क्लूजन बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है. गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई अभिषेक पाठक की इस फिल्म ने जबरदस्त ओपनिंग के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की. शुक्रवार को यह थ्रिलर फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार नहीं कर पाई. हालांकि, शनिवार का दिन दृश्यम 3 के मेकर्स के लिए एक और अहम दिन साबित हुआ, क्योंकि फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन ही बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया. अजय देवगन की यह फिल्म रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर छा गई है.दृश्यमरू द कन्क्लूजन बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है. फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों, दोनों से ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. लोगों ने फिल्म में कलाकारों की परफॉर्मेंस और कहानी के इस नए चौप्टर की तारीफ की है. भले ही दूसरे दिन इसकी कमाई में थोड़ी गिरावट आई हो. लेकिन यह 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही है.सैकनिल्क के अनुसार, दृश्यम 3 ने ओपनिंग डे पर 62 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की. वहीं शनिवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 53.50 करोड़ रुपये की कमाई की. शुक्रवार की नेट कमाई के मुकाबले फिल्म की कमाई में 13.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई. गिरावट के बावजूद, दृश्यम 3 बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही.दूसरे दिन, अजय देवगन की फिल्म की थिएटर में ऑक्यूपेंसी 46.1 प्रतिशत रही. पहले दो दिनों में, दृश्यम 3 ने भारत में 115.50 करोड़ रुपये कमाए. जहां तक इसके वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात है, दृश्यम 3 ने दो दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 177.10 करोड़ रुपये की कमाई की. रविवार को इन आंकड़ों के बढ़ने की उम्मीद है, और फिल्म के अपने पहले वीकेंड में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की संभावना है.हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बजट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रोडक्शन कॉस्ट लगभग 110 करोड़ रुपये है. इन आंकड़ों के आधार पर, फिल्म ने सिर्फ दो दिनों में ही अपनी कुल कमाई से अपना प्रोडक्शन बजट पार कर लिया है. अब अहम बात यह होगी कि क्या फिल्म आने वाले दिनों और अपने पहले वीकेंड में भी अपनी रफ्तार बनाए रख पाती है या नहीं.दृश्यम– द कन्क्लूजन, दृश्यम फ्रेंचाइजी की हिंदी में अंतिम फिल्म है. अभिषेक पाठक की निर्देशित फिल्म में तब्बू, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव, प्रकाश राज, जयदीप अहलावत, कमलेश सावंत, रजत कपूर, सौरभ शुक्ला, संवेदना सुवालका और नेहा जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. दृश्यम – द कन्क्लूजन मोहनलाल की मलयालम फिल्म दृश्यम 3 की रिलीज के कुछ महीने बाद रिलीज हुई है.।



आयुष्मान खुराना की फिल्म उड़ता तीर की बदली रिलीज तारीख, जानिए क्या है वजह

आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की आगामी फिल्म उड़ता तीर का इंतजार बढ़ गया है। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित कॉमेडी–ड्रामा को तय समय से आगे बढ़ाकर नई रिलीज तारीख का ऐलान किया गया है। मतलब यह कि पहले फिल्म 9 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होनी थी, लेकिन अब दर्शकों को इसे देखने के लिए एक हफ्ते से ज्यादा इंतजार करना होगा। यह घोषणा अजय देवगन की हालिया रिलीज फिल्म दृश्यम 3 के शानदार प्रदर्शन के बीच हुई है।



फिल्म समीक्षक तरण आदर्श की पोस्ट के अनुसार, उड़ता तीर 23 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।

हाल ही में इसका ट्रेलर आया था, जिसने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं हासिल कीं। फिल्म का प्रचार भी बढ़िया चल रहा है।

हालांकि, निर्माता चाहते हैं कि फिल्म सिनेमाघरों में बिना किसी रुकावट के रिलीज हो, ताकि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच स्क्रीन की कमी से बचा जा सके।

सोशल मीडिया यूजर्स इस फैसले को दृश्यम 3 के टकराव से बचने वाला कदम मान रहे हैं।

सलमान खान की मातृभूमि को सरकार से मिली मंजूरी, इस दिन पर्दे पर लाने की तैयारी

सलमान खान की वॉर ड्रामा फिल्म मातृभूमि का सफर काफी उतार–चढ़ाव भरा रहा है। नाम बदलने और टीजर पर आई प्रतिक्रियाओं से लेकर कई बार टलने के बाद फिल्म की रिलीज को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। हालांकि, नई रिपोर्ट के मुताबिक अब ये सारी परेशानियां खत्म हो चुकी हैं। सब कुछ ठीक रहा तो मातृभूमि अगले महीने ही सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

मातृभूमि की कहानी पहले गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित थी।चीन के चित्रण को लेकर सरकार की मंजूरी को लेकर फिल्म पर असमंजस बना हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय फिल्म के नए वर्जन से संतुष्ट है और पिछले हफ्ते इसे एनओसी दे दी है। नया वर्जन पहले से काफी अलग है और इसमें भारत–चीन रिश्तों का सकारात्मक पहलू भी दिखाया गया है।रक्षा मंत्रालय ने फिल्म के शुरुआती चीन–विरोधी रुख पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद मातृभूमि के कई हिस्से दोबारा शूट किए गए।

एक सूत्र ने बताया कि फिल्म का नया वर्जन पहले से काफी अलग है। इसमें अब भारत और चीन के रिश्तों को सकारात्मक नजरिए से भी दिखाया गया है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है, वहीं एंटरटेनमेंट पोर्टल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म की रिलीज तारीख भी तय हो चुकी है।

सूत्र के अनुसार, सलमान अब सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। निर्माता जल्द ही फिल्म जमा करेंगे



इस साल 13 नवंबर को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। उनका मानना है कि दिवाली के बाद का माहौल इसके लिए एकदम सही रहेगा। हालांकि, अभी और अगर इसी महीने मंजूरी मिल जाती है तो फिल्म 13 नवंबर को सिनेमाघरों में आ जाएगी। अगले 10 दिनों में स्थिति पूरी तरह साफ हो जाएगी।

अर्जुन रामपाल की 3 मंकीज का पहला मोशन-पोस्टर जारी, रिलीज तारीख का ऐलान

अब्बास–मस्तान द्वारा निर्देशित और अर्जुन रामपाल के अभिनय वाली फिल्म 3 मंकीज लंबे समय से चर्चा में है। अब निर्माताओं ने इसका मोशन–पोस्टर जारी करते हुए कलाकारों की पहली झलक दिखाई है। यही नहीं, फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान भी किया गया है। इसमें अर्जुन का किरदार मनी हीस्ट के सर्जियो मार्क़िवना (प्रोफेसर) के किरदार से प्रेरित बताया जाता है। मुस्तफा बर्मावाला, विशाल जेठवा, प्रिया प्रकाश वारियर, अनिल बिश्नोई और दिवंगत टुनिशा शर्मा भी इसका हिस्सा हैं।3 मंकीज एक हीस्ट–थ्रिलर है, जिसका निर्माण अल्लारखा वोहरा, फारुक वोहरा और सईद वोहरा ने एजे फिल्म एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले किया है।फिल्म के मोशन–पोस्टर में अर्जुन को बंदूक पकड़े दिखाया गया है। उनके साथ 3 नकाबपोश लोग भी मौजूद हैं जो लुटेरों की तरह दिखते हैं। यह नजारा एक्शन और ड्रामा से भरपूर एक डकैती पर आधारित फिल्म जैसा दिखता है। इसे 4 दिसंबर, 2026 को भारत सहित दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।



नागजिला को मिली रिलीज तारीख, वैलेंटाइन पर सांपों की दुनिया दिखाएंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर साथ मिलकर फिल्म नागजिला पर काम कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा निर्मित एक अनोखी क्रिएचर–कॉमेडी है, जिसका निर्देशन फुकरे फ्रैंचाइजी वाले मृगदीप सिंह लांबा ने किया है। लंबे समय से अटकलें थीं कि इसे अगस्त, 2026 पर रिलीज किया जा सकता है, लेकिन निर्माता इस परियोजना में कोई हड़बड़ी नहीं करना चाहते थे। आखिरकार अब कार्तिक अभिनीत नागजिला की नई रिलीज तारीख पर मुहर लगा दी गई है।कार्तिक अपनी नई फिल्म नागजिला के जरिए भारतीय लोककथाओं से प्रेरित, रूप बदलने वाले नागों की एक आकर्षक दुनिया लेकर आ रहे हैं। इसका दीदार वैलेंटाइन डे वीकेंड पर सिनेमाघरों में हो सकेगा, क्योंकि रिलीज तारीख 12 फरवरी, 2027 तय हुई है। फिल्म में अभिनेता पहली बार एक इच्छाधारी नाग के अनोखे अवतार में नजर आएंगे। साउथ अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन इसके जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। वहीं रवि किशन विलेन के किरदार में दिखेंगे।



जान्हवी कपूर ने पेरिस में बीओएफ 500 गाला में बिखेरा देसी ग्लैमर



जान्हवी कपूर ने पेरिस में आयोजित बीओएफ 500 गाला में भारतीय शिल्प और डिजाइन की खूबसूरती को ग्लोबल फैशन मंच पर पेश किया है। इस खास मौके पर वह पंकज एस हेरिटेज के कस्टम आउटफिट में नजर आईं, जिसे रिया कपूर ने स्टाइल किया था। ऑफ–व्हाइट रंग के इस खूबसूरत लुक में पारंपरिक छह गज की साड़ी के सिल्हूट को एक मॉडर्न अंदाज में पेश किया गया था। लो–स्लंग ड्रेप, खुले कंधे और जमीन तक जाती एलिगेंट पल्लू ने उनके लुक को बेहद खास बना दिया। 460–काउंट बंगाल मलमल से तैयार इस आउटफिट ने भारतीय टेक्सटाइल की खूबसूरती को सेलिब्रेट किया, वहीं इसका लुक पूरी तरह मॉडर्न और ग्लोबल रखा गया था। सिंपल आइवरी बेस के साथ गोल्ड बीड्स, मोतियों, सीपियों, पन्नों, पोल्की और टैसल्स से तैयार किया गया शानदार हैंडक्राफ्टेड अडॉर्नमेंट उनके लुक का सबसे खास हिस्सा रहा। कंधे से लेकर बांह तक नजर आ रही यह ज्वेलरी डिटेलिंग पूरे लुक को ड्रामेटिक और ग्लैमरस टच दे रही थी। गौरतलब है कि पेरिस फैशन वीक के सबसे प्रभावशाली फैशन आयोजनों में शामिल बीओएफ 500 गाला में जान्हवी का यह लुक विरासत और आधुनिक ग्लोबल ग्लैमर का खूबसूरत संतुलन नजर आया। अपने इस अंदाज के जरिए उन्होंने भारतीय डिजाइन, टेक्सटाइल आर्ट और बेहतरीन कारीगरी को अंतरराष्ट्रीय फैशन मंच पर खास पहचान दिलाई है।

विक्की कौशल की महावतार में तारा सुतारिया, पीछे छूटीं श्रद्धा कपूर और हरनाज संधू

अभिनेता विक्की कौशल की आगामी पौराणिक फिल्म महावतार की हीरोइन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबरों के मुताबिक, इस महा–फिल्म में लीड हीरोइन के रोल के लिए तारा सुतारिया का नाम सबसे आगे चल रहा है। इससे पहले श्रद्धा कपूर और पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू के नाम भी रेस में थे, लेकिन अब तारा सुतारिया ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। हालांकि निर्माताओं की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।निर्देशक अमर कौशिक की इस फिल्म से श्रद्धा कपूर और हरनाज संधू का नाम जुड़ने के बाद अब फिल्म गलियारों में चर्चा है कि विक्की कौशल के अपोजिट रोल के लिए तारा सुतारिया का नाम सबसे ऊपर चल रहा है।अगर बात बन गई तो ये पहला मौका होगा, जब विक्की और तारा किसी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। चर्चा तो ये भी है कि तारा ने इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है। फिल्म के निर्माता दिनेश विजान हैं।फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, ष्महावतार की कास्टिंग को लेकर चर्चाएं पिछले कुछ समय से लगातार बदल रही हैं।तारा का नाम भी निश्चित रूप से सामने आया है। निर्माता एक ऐसी अभिनेत्री को साइन करना चाहते हैं, जो फिल्म की इस भव्य व काल्पनिक दुनिया में अपनी मजबूत छाप छोड़ सके और तारा इस कसौटी पर खरी उतरती हैं।तारा पिछली बार सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक में नजर आई थीं।बता दें कि मैडॉक फिल्म्स के साथ छावा के बाद विक्की की ये दूसरी बड़ी फिल्म महावतार होगी, जिसकी शूटिंग जनवरी, 2027 में शुरू होने की उम्मीद है।इस फिल्म में विक्की अमर और न्याय के प्रतीक भगवान परशुराम का मुख्य और शक्तिशाली किरदार निभाते नजर आएंगे। विशाल पैमाने पर बनने वाली इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है और इसके जरिए विक्की एक बार फिर अपने नए अवतार से पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं।



नानी और नितिन की नई फिल्म अलियास रुक्मिणी हुआ ऐलान

नानी और नितिन के प्रोजेक्ट एलियास रुक्मिणी की झलक सामने आई है। नेचुरल स्टार नानी एक दिलचस्प प्रोजेक्ट के लिए नितिन के साथ काम कर रहे हैं। आज मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और उसकी एक झलक भी दिखाई।फिल्म का टाइटल एलियास रुक्मिणी रखा गया है, जो काफी दिलचस्प और रोमांचक है, और इसकी झलक ने सबका ध्यान खींचा है। धंधोरा फेम मुरली कांत देवसोथ इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की शुरुआत नानी के मुरली कांत देवसोथ से कहानी सुनाने के लिए कहने से होती है, और वे बताते हैं कि यह भगवान कृष्ण के बारे में है।इसके बाद गरम गोपाल, अमेकु अमे अंते इष्टम और व्रथम वेंकन्ना जैसे नॉवेल्स के विजुअल्स दिखाए जाते हैं, और आखिर में नानी पूछते हैं कि रुक्मिणी कौन है। फिर चश्मा पहने नितिन सामने आते हैं और बताते हैं कि रुक्मिणी उनकी पत्नी हैं, और फिल्म का टाइटल एलियास रुक्मिणी सामने आता है। विजय बुल्गानिन फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर हैं और जोमोन टी जॉन सिनेमैटोग्राफर हैं। सृजना अडुसुमिली फिल्म की एडिटर हैं और यह फिल्म अभी प्री–प्रोडक्शन स्टेज में है।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।